NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष : 05, अंक :-94, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 09 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## बसपा अब किसी से नहीं करेगी गठबंधन

### मायावती बोलीं- सपा दोगली पार्टी, योगी की तारीफ की



**लखनऊ।** बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्य तिथि के अवसर पर पार्टी प्रमुख मायावती ने लखनऊ में बड़ी रैली की। ये रैली लखनऊ के कांशीराम स्मारक में हुई। रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने बीजेपी, कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। रैली में मायावती ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी बसपा 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। मायावती ने कहा कि गठबंधन करने से हमेशा ही उनकी पार्टी को नुकसान हुआ है।

मायावती ने कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी। बसपा किसी से गठबंधन नहीं करेगी। यूपी या देश के दूसरे हिस्से में हमारी पार्टी ने गठबंधन में लड़ा कोई फायदा नहीं हुआ। हमारा वोट तो ट्रान्सफर हो जाता है लेकिन दूसरी पार्टी हमे वोट ट्रांसफर नहीं होता। हमारा वोट प्रतिशत कम होता है। गठबंधन में सरकार बनती है तो ज्यादा दिन नहीं चल पाती है। एक बार कांग्रेस, एक बार सपा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ा 67 ही सीट जीत पाये। अकेले हमने 2007 में बहुमत की सरकार बनाई। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा सरकार के पहले जब सपा सरकार थी तो सपा सरकार ने पैसा दबा कर रखा था। सभी स्मारकों को बुरा हाल था। सब पैसा दबा कर रखा।

#### योगी सरकार ने किया सही काम

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार थी और मान्यवर कांशीराम के आदर-सम्मान में यह स्मारक स्थल बनाया गया था तो उसी समय हमारी सरकार ने ये व्यवस्था की थी कि हम लोग यहां आने वालों से टिकट लेंगे। जिसका पैसा लखनऊ में बनाए गए स्मारक और पार्कों के रख-रखाव में इस्तेमाल किया जाएगा लेकिन दुख की बात यह है कि वर्तमान भाजपा की सरकार से पहले यहां सपा की सरकार थी तो सपा सरकार ने उस टिकट के पैसे को दबाकर रखा... हालत बहुत जर्जर हो चुकी थी। मैंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखित चिट्ठी के जरिए कहा और आग्रह किया कि टिकटों के पैसे को रखरखाव पर लगाया जाए। उत्तर प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार ने इस मामले को संज्ञान में लेकर हमसे वादा किया कि जो भी पैसा टिकटों के जरिए आता है वह इन स्थलों के रखरखाव के लिए लगाया जाएगा। मायावती ने कहा कि मैं राज्य सरकार की आभारी हूं कि कांशीराम स्मारक की मरम्मत कराई। टिकट के पैसे अपने पास नहीं रखा। टिकट के पैसे से मरम्मत कराई।

### जहरीले कफ सिरप केस में बड़ा एक्शन

## दवा कंपनी के मालिक एस. रंगनाथन गिरफ्तार, अब तक 24 बच्चों की मौत




**भोपाल।** कफ सिरप कोल्ड्रिफ से मासूम बच्चों की मौत के मामले में मध्य प्रदेश पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दवा कंपनी के मालिक एस. रंगनाथन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित कफ सिरप, कोल्ड्रिफ, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 24 बच्चों की मौत का कारण बना है। तमिलनाडु, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और अरुणाचल प्रदेश सहित कई राज्यों ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों ने भी अलर्ट जारी किया है। छिंदवाड़ा के एसपी अजय पांडे ने बताया कि श्रीसन फार्मा के मालिक एस. रंगनाथन को हिरासत में लिया गया। उन्हें तमिलनाडु की चेन्नई की एक अदालत में पेश किया जाएगा और ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा लाया जाएगा। यह गिरफ्तारी छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा एक बड़े अभियान के बाद हुई है, जो आरोपी को हिरासत में लेने के लिए चेन्नई और कांचीपुरम गई थी।

## 'मेरे नाम से गढ़ी गई बात पूरी तरीके से गलत'

### 26/11 पर पीएम मोदी के बयान पर चिदंबरम का पलटवार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और देश के पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने पीएम मोदी के हालिया एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। चिदंबरम ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा उनके लिए कही गई बातें बिल्कुल गलत हैं और पूरी तरीके से काल्पनिक है।

दरअसल, कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उनके नाम से गलत बयान दिए जाने पर निराशा व्यक्त की। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि मैं माननीय प्रधानमंत्री के शब्दों को कोट कर रहा हूं, उन्होंने कहा कि भारत 26/11 के बाद जवाब देने के लिए तैयार था, लेकिन किसी देश द्वारा डाले गए दबाव के कारण, तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भारत के सशस्त्र बलों को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया। इस बयान के तीन भाग हैं, उनमें से प्रत्येक गलत हैं। यह पढ़कर निराशा होती है कि प्रधानमंत्री ने इन शब्दों की कल्पना की ओर उन्हें मेरे नाम से जोड़ दिया।

## 'भारत-ब्रिटेन के संबंधों की नींव में लोकतंत्र, रोजगार के नए अवसर बनेंगे'

### कीर स्टार्मर से मुलाकात के बाद बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुंबई में मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों की नींव में लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच हुए समझौते से रोजगार बढ़ेंगे। दोनों नेताओं के बीच विजन 2035 रोडमैप के तहत भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा हुई। पीएम मोदी और स्टार्मर सीईओ फोरम समेत ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भी भाग लेंगे।



### अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी पहुंचे नई दिल्ली

# भारत-अफगानिस्तान संबंधों को मिलेगा नया आयाम

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंच गए हैं। यह यात्रा अफगानिस्तान में अशरफ गनी सरकार के पतन के 4 साल बाद भारत और तालिबान शासन के बीच उच्च-स्तरीय संपर्क का सबसे बड़ा संकेत मानी जा रही है। मुत्ताकी अपनी यात्रा के दौरान दारुल उलूम देवबंद मदरसे और ताजमहल का भी दौरा करेंगे। देवबंद मदरसे में कुछ अफगान छात्र भी पढ़ाई कर रहे हैं।



रद्द हो गया था मुत्ताकी का दौरा

मुत्ताकी को पिछले महीने ही नई दिल्ली आना था, लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) की ओर से लगाए गए यात्रा प्रतिबंध के कारण उनका यह दौरा रद्द कर दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति ने 30 सितंबर को मुत्ताकी को अस्थायी छूट देते हुए 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने की अनुमति दी थी। इससे साफ है कि अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी का भारत दौरा सात दिनों का होगा।

मुत्ताकी के इस दौरे से काबुल में तालिबान शासन के साथ भारत के संबंधों को एक नया आयाम मिलने की उम्मीद है। इससे पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 15 मई को मुत्ताकी के साथ फोन पर बातचीत की थी। भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। मुत्ताकी का यह दौरा खास है क्योंकि अब तक भारत ने तालिबान शासन के साथ सीमित संपर्क रखा है। भारत ने मुख्य रूप से अफगानिस्तान में मानवीय सहायता पर ध्यान केंद्रित किया है। आतंकवाद, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर भी भारत ने चिंता जताई है।

गौरतलब है कि, 2021 में तालिबान की सत्ता में लौटने की घटना ने अफगानिस्तान की सियासत को पूरी तरह से बदल दिया है। अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं की वापसी के बाद, तालिबान का यहां शासन जारी है। तालिबान सरकार को वैश्विक मंच पर आधिकारिक मान्यता प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि कई देशों ने सुरक्षा और मानवीय चिंताओं के समाधान के लिए संवाद के चैनल बनाए रखे हैं, इनमें भारत भी शामिल है। जुलाई में तालिबान शासन को आधिकारिक रूप से मान्यता देने वाला रूस पहला देश बना।

**भारत ने बनाए रखे संबंध**

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, भारत ने काबुल में पिछली सरकारों के दौरान अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण में भारी निवेश किया था, जिसमें बुनियादी ढांचे, स्कूलों और अस्पतालों का निर्माण शामिल था। तालिबान के सत्ता में आने के बाद नई दिल्ली ने अपने राजनयिकों और नागरिकों को अफगानिस्तान से वापस बुला लिया था। इसके बाद, भारत ने 2022 में काबुल में एक 'तकनीकी मिशन' फिर से खोला, जो मानवीय सहायता वितरण की निगरानी करने और न्यूनतम राजनयिक उपस्थिति बनाए रखने के लिए था।



## 120 मिनट की मुलाकात... रिश्तों पर जमी बर्फ पिघली

### आजम खां बोले- गुफ्तगू के बारे में बताएंगे तो नुकसान होगा

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां ने अखिलेश यादव से हुई मुलाकात के बारे में बताने से साफ इनकार कर दिया। उनका कहना था कि हम गुफ्तगू के बारे में बताएंगे तो हमारा ही नुकसान हो जाएगा। गिले-शिकवे के सवाल पर उन्होंने कहा कि आज की मुलाकात में वह अकेले ही मिले। बसपा में जाने के सवाल पर कहा कि बुलाने वालों को पूरा हक है, वे अपना काम कर रहे हैं।

सपा मुखिया से मुलाकात करने के बाद आजम खां ने दोनों के बीच हुई गुफ्तगू का ब्योरा सार्वजनिक करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। उनकी पत्नी इलाज के लिए गई हुई हैं और उनका बेटा अब्दुल्ला आजम मुकदमों के सिलसिले में प्रयागराज गया हुआ है। कहा कि तिनका-तिनका बिखर गया है। हमारे घर में रोशनी करने वाला कोई नहीं है। मुलायम सिंह यादव के समय और अब के समय में अंतर पर आजम ने कहा कि पहले एक और एक 11 थे लेकिन अब 111 हैं। उन्होंने सांसद मोहिबुल्लाह नदवी पर भी निशाना साधा।

कहा कि उनकी पसंद और नापसंद का कोई सवाल नहीं है। पार्टी के प्रत्याशी थे तो थे। उन्होंने 2027 के चुनाव में आगे की रणनीति को लेकर किए गए सवाल पर कहा कि अभी समय है।

## बरेली में 'शैतान' का एनकाउंटर

### पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया एक लाख रुपये का इनामी

**बरेली।** पुलिस और एसओजी की टीम ने बड़ी मुठभेड़ को अंजाम दिया है। भोजापुरा थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश इफ्तिखार उर्फ सोल्जर उर्फ शैतान ढेर हो गया। मुठभेड़ नैनीताल हाईवे स्थित बिलवा कृषि फार्म के पास हुई। मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल को गोली लगी है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश का साथी फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक शैतान उर्फ इफ्तिखार ने बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में साल 2024 में डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। उस पर 19 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस लंबे समय से इफ्तेखार की तलाश कर रही थी। बृहस्पतिवार तड़के पुलिस और एसओजी की टीम ने बिलवा कृषि फार्म के पास बदमाशों को घेर लिया। पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने फायरिंग की।

## दो कारों में टक्कर, 4 की मौत, 2 जिंदा जले



**महू।** इंदौर जिले के महू में बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां इंदौर-खलघाट हाइवे पर नादेड़ ब्रिज के पास दो कारों के बीच टक्कर के बाद एक कार में आग लग गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की जान चली गई। इनमें से दो लोग जिंदा जल गए। इस हादसे में तीन लोग झुलस गए।, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि यह घटना इंदौर-खलघाट हाइवे पर नादेड़ ब्रिज पर बुधवार रात करीब 11 बजे हुई। जहां ओमनी वेन धामनोद से मानपुर की ओर जा रही थी। वहीं स्विफ्ट डिजायर कार मानपुर से धामनोद की ओर जा रही थी। इस दौरान स्विफ्ट कार अचानक डिवाइडर पार कर सामने से आ रही ओमनी वैन से टकरा गई। टक्कर के बाद ओमनी वेन में आग लग गई। कार सवार दो लोग तो जिंदा जल गए। वहीं, स्विफ्ट कार में सवार दो अन्य लोगों की भी मौके पर ही मौत हो गई।

## दिल्ली में पत्नी ने सोते पति पर खौलता तेल डालाःफिर लाल मिर्च छिड़की; घरेलू विवाद ने हिंसक रूप लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके में घरेलू विवाद के बाद एक महिला ने अपने सोते हुए पति पर खौलता हुआ तेल डाल दिया और फिर उसके घावों पर लाल मिर्च पाउडर छिड़क दिया। पति गंभीर रूप से झुलस गया है और उसे सफदरजंग अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित दिनेश कुमार (28) मदनगीर इलाके में किराए के मकान में पत्नी साधना और एक बेटी के साथ रहता है। दिनेश एक फार्मा कंपनी में काम करता है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि 2 अक्टूबर की रात ड्यूटी से लौटने के बाद वह खाना खाकर सो गया था। रात करीब 3:15 बजे पत्नी साधना ने अचानक उस पर खौलता तेल डाल दिया और फिर उसके जख्मों पर लाल मिर्च पाउडर फेंक दिया। दर्द से चीखते दिनेश की आवाज सुनकर मकान मालिक मौके पर पहुंचे और तुरंत उसके जीजा रामसागर को बुलाया। पहले उसे मदन मोहन मालवीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सफदरजंग रेफर कर दिया गया। पुलिस ने 3 अक्टूबर को दिनेश के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया।

# हिमाचल में पहली बार अक्टूबर में बर्फ देख सकेंगे टूरिस्ट

**शिमला।** हिमाचल में टूरिस्ट इस बार अक्टूबर में भी बर्फ देख सकेंगे। आमतौर पर बर्फबारी के लिए दिसंबर जनवरी का इंतजार करना पड़ता है। मगर इस बार अर्ली स्नोफॉल से न केवल टूरिस्ट, बल्कि हिमाचल के पर्यटन कारोबारियों को भी अच्छे कारोबार की आस बंध गई है।



हिमाचल प्रदेश में मौसम अचानक ठंडा हो गया है क्योंकि ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति, कुल्लू, मंडी और कांगड़ा की पहाड़ियों ने सफेद बर्फ की चादर ओढ़ ली है, जिससे नजारे बेहद खूबसूरत हो गए हैं, लेकिन ठंड भी काफी बढ़ गई है। बर्फबारी के बाद स्थानीय लोगों और पर्यटकों को काफी ज्यादा ठंड झेलनी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात जारी रहने से आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप और बढ़ेगा। हिमाचल प्रदेश का लाहौल-स्पीति जिला सर्दियों में पूरी तरह बर्फ से ढक जाता है। यहां अत्यधिक ठंड पड़ती है और भारी बर्फबारी के कारण कई बार सड़क संपर्क टूट जाता है, जिससे यह इलाका बाकी जगहों से पूरी तरह कट जाता है।

यह चंबा जिले में स्थित एक पवित्र स्थल है, जिसे मणिमहेश कहा जाता है। यह ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आता है, जहां अब शरद ऋतु की दस्तक के साथ बर्फबारी शुरू हो गई है। इस फोटो में आप बर्फ से ढके मनमोहक नजारे देख सकते हैं। इसे भगवान शिव के पांच कैलाशों में से एक माना जाता है। यह देहनासर झील है, जो बरोट घाटी की सबसे ऊंची चोटी पर स्थित है। यहां भी बर्फबारी शुरू हो गई है। आमतौर पर सबसे पहले ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ही बर्फ गिरती है, जिससे ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और निचले यानी तराई वाले इलाकों में भी ठंड बढ़ जाती है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 09 अक्टूबर, 2025


# विदेशी नोट और पांच करोड़ की हेरोइन बरामद

## मथुरा पुलिस ने चेकिंग में गिरफ्तार किए दो तस्कर

एनएनआई



**मथुरा।** नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एएनटीएफ टीम ने बाजना कट यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार रात दो अंतरराज्यीय तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से एक किलो 45 ग्राम हेरोइन व एक स्कूटी बरामद की है। बरामद हीरोइन की कीमत करीब पांच करोड़ रुपए है। साथ ही कई विदेशी नोट भी बरामद हुए है।

एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि मंगलवार को नौहझील क्षेत्र के बीट से तस्करी की सूचना मिलने के बाद निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में एएनटीएफ टीम सक्रिय हुई। बुधवार शाम मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि गुरुग्राम निवासी वकार उर्फ साहिल व दिल्ली के सीलमपुर निवासी फैजान स्कूटी से हेरोइन की बड़ी खेप सप्लाई करने बाजना कट की ओर आ रहे हैं। इस पर पुलिस की संयुक्त टीम ने बाजना कट के पास घेराबंदी कर दी।

रात आठ बजे मुखबिर के इशारे पर मोरकी इंटर कालेज के पास स्कूटी सवार दोनों संदिग्ध को रोककर पूछताछ की गई। दोनों घबरा गए और स्वीकार किया कि वे हेरोइन की सप्लाई देने आए हैं। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से एक लैदर बैग में दो सफेद पन्नियों में भरा मादक पदार्थ बरामद हुआ। ड्रग डिटेक्शन किट से जांच में वह हेरोइन निकली। वजन करने पर एक पन्नी में 526 ग्राम और दूसरी में 519 ग्राम हेरोइन निकली।इसके अलावा आरोपितों से मोबाइल फोन, कई विदेशी नोट, एटीएम कार्ड व नकदी भी बरामद की गई।

बरामद हेरोइन की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है। पूछताछ में तस्कर वकार ने कबूला कि वह पिछले आठ नौ वर्ष से अमन नामक सप्लायर के संपर्क में है, जो दिल्ली व गुरुग्राम में हेरोइन सप्लाई कराता है। वह छतरपुर में रहने वाले टी अमन नीग्रो से माल लेकर आगे सप्लाई करता था। फैजान भी उसके साथ सप्लाई में शामिल रहता था। एसपी ग्रामीण ने बताया कि दोनों तस्करों के साथी को पकड़ने की तैयारी की जा रही है।



वृंदावन के श्रीराधा केलिकुंज आश्रम में संत प्रेमानंद और गुरु शरणानंद का भावपूर्ण मिलन हुआ। गुरु शरणानंद, संत प्रेमानंद का हाल जानने पहुंचे। संत प्रेमानंद ने साष्टांग प्रणाम कर उनका स्वागत किया और चरण धोकर आरती उतारी। गुरुशरणानंद ने युवाओं में सनातन धर्म के प्रति जागृति लाने के लिए संत प्रेमानंद को आशीर्वाद दिया और उनके स्वास्थ्य के लिए किडनी दान करने का प्रस्ताव रखा।

# हाथरस में विवाहिता की संदिग्ध मौत



एनएनआई

**हाथरस।** सासनी क्षेत्र के जरैया गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। बुधवार की रात हुई इस घटना से मृतका के ससुराल और मायके दोनों पक्षों में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, जरैया निवासी मिथुन पुत्र बाबू लाला की शादी लगभग चार साल पहले हुई थी। महिला अपने ससुराल जरैया में ही रह रही थी। विवाहिता की अचानक हुई मौत के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, जिससे स्थिति संदिग्ध बनी हुई है। मौत की खबर मिलते ही सबसे पहले उसके ससुराल पक्ष में मातम छा गया। जैसे ही यह दुखद सूचना मृतका के मायके पक्ष (हाथरस) तक पहुँची, उनके परिजन और रिश्तेदार तुरंत जरैया गांव पहुँचे। फिलहाल, इस मामले को लेकर सासनी कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार ने अनभिज्ञता जाहिर की है। उन्होंने बताया है कि उन्हें इस घटना के बारे में अभी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

# सचखंड एक्सप्रेस से कटकर ट्रैक मैन की मौत, परिजनों का हंगामा



एनएनआई

**मथुरा।** रिफाइनरी क्षेत्र के बाद रेलवे स्टेशन के नजदीक सचखंड एक्सप्रेस की चपेट में आने से रेल कर्मचारी की मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर स्वजन मौके पर पहुंचे और रेलवे ट्रैक को जाम करके हंगामा शुरू कर दिया। ट्रैक जाम होने से रेल यातायात प्रभावित हो गया।

अधिकारियों ने डाउन लाइन से आ रही मंगला एक्सप्रेस को डेढ़ घंटे तक ट्रैक पर रोका। साथ ही केरला एक्सप्रेस और वंदे भारत को तीसरी लाइन से निकाला। हंगामा कर रहे स्वजन ने धक्का देकर रेल कर्मी की हत्या का आरोप लगाया। रेल अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच का आश्वासन देकर स्वजन को शांत कराया।

गोविंद नगर थाना क्षेत्र के बिरला मंदिर स्थित लक्ष्मी नगर निवासी अजय वर्ष 2016 में रेलवे ट्रैकमैन के पद पर भर्ती हुए थे। बुधवार को वह अपने अन्य साथियों के साथ बाद रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आगरा की तरफ से दिल्ली जा रही सचखंड एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। साथ में काम कर रहे कर्मियों ने अधिकारियों के साथ स्वजन को सूचना दी। स्वजन मौके पर पहुंचे और आक्रोशित हो गए और ट्रैक जाम करके हंगामा करने लगे। बड़ी संख्या में ट्रैक पर एकत्रित लोगों को देख अधिकारियों ने डाउन लाइन में पीछे से आ रही मंगला एक्सप्रेस को सुबह 10.43 बजे ट्रैक पर ही रोक दिया।

सूचना पर रेलवे के साथ आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे गए।मृतक के भाई हरिओम का कहना है कि जब अन्य कर्मचारी भी ट्रैक पर मौजूद थे तो केवल अजय ही ट्रेन की चपेट में कैसे आ गए। उनका आरोप है कि किसी ने उन्हें धक्का देकर ट्रेन के सामने गिरा दिया है। इससे उनकी मृत्यु हुई है।

रेलवे ट्रैक जाम की सूचना पर अधिकारियों ने केरला एक्सप्रेस व वंदे भारत एक्सप्रेस को तीसरी लाइन से निकाला। आगरा के सीनियर डीइएन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्वजन को जांच का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद स्वजन दोपहर 12 बजे रेलवे ट्रैक से हटे।

# फिरोजाबाद में डिलीवरी कंपनी से 1.37 लाख रुपये चोरी, कर्मचारी समेत तीन गिरफ्तार

एनएनआई




**फिरोजाबाद।** नगला पान सहाय स्थित फ्लिपकार्ट के आइडेंटी फाई डिलीवरी प्लस कार्यालय में चोरी का मामला सामने आया है। सोमवार रात कार्यालय से 1.37 लाख रुपये नकद और दो मोबाइल फोन चोरी हो गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में कंपनी के एक कर्मचारी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घटना सोमवार रात को हुई, जिसका पता मंगलवार सुबह चला। कंपनी के हब इंचार्ज आदित्य कुमार ने बताया कि उन्होंने सोमवार रात 11 बजे कार्यालय के लॉकर में नकदी रखी थी। मंगलवार सुबह 10 बजे जब वे कार्यालय पहुंचे, तो लॉकर टूटा हुआ मिला और नकदी, दो मोबाइल फोन तथा सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर मशीन गायब थी।

आदित्य कुमार, जो लाइनपार के नगला विष्णु निवासी हैं, ने थाना उत्तर में एक तहरीर दी। उन्होंने अपनी शिकायत में रात की शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी पुष्पेंद्र, निवासी चनौरा, थाना रामगढ़ पर चोरी का शक जाहिर किया था।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान, पुलिस ने आरोपी पुष्पेंद्र और उसके दो साथियों सूरज तथा गौरव को सनक सिंह के भट्ठे के पास से बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई नकदी, मोबाइल फोन और डीवीआर मशीन बरामद की है। एसआइ विजय गोस्वामी ने बताया कि पुष्पेंद्र कंपनी में सामान लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता था, जबकि गौरव पहले इसी कंपनी में कर्मचारी था। इन दोनों ने मिलकर अपने साथी सूरज के साथ चोरी की योजना बनाई थी। सूरज इस चोरी का मास्टरमाइंड था और उसके खिलाफ पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# लखनऊ में आज चहुंओर 'हाथी' की 'पदचाप'

एनएनआई के लिए सुरेश बाबू बघेल की लखनऊ से ग्राउंड रिपोर्ट






**मिशन 2027**

- उप्र में सत्ता वापसी को 18 वर्ष बाद बसपा का प्रभावी राजनीतिक प्रदर्शन
- संस्थापक स्व.कांशीराम की जन्म जयंती पर राजधानी में उमड़ा 'नीली ब्रिगेड' का सैलाब





लखनऊ। मोदी-योगी की भगवा सत्ता की राजधानी की सड़कों पर आज भोर से लेकर चहुंओर 'हाथी' की पदचाप सुनाई और दिखाई दे रही है। उत्तर प्रदेश की चार बार सत्ता संभाल चुकी बहुजन समाज पार्टी ने 2027 में पुनः वापसी को 18 वर्ष बाद गुरुवार को प्रभावी राजनीतिक प्रदर्शन किया। मायावती को मुख्यमंत्री की कुर्सी बिठाने वाले बसपा संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम की जन्म जयंती मनाने के बहाने राजधानी लखनऊ में भोर होते ही हर दिशा से नीली ब्रिगेड का सैलाब मान्यवर कांशीराम जी स्मारक स्थल की ओर जाने वाले हिलोरें मारने लगा। राजनीतिक वजूद दिखाने को हुए शक्ति प्रदर्शन के लिए प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से हाथों में नीला झंडा-बैनर लेकर आने वाले बसपा समर्थकों की भीड़ से भरी हजारों प्राइवेट बसों एव जीप-कार आदि वाहनों ने सुबह से ही नवाबी शहर की यातायात व्यवस्था को अव्यवस्थित कर दिया। व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने रैली स्थल की ओर जाने वाले रास्तों पर कई किलो मीटर पहले बेरिकेडिंग लगाकर रैली की बस और अन्य वाहनों को रोक दिया। रैली स्थल कांशीराम स्मारक आने वाले बसपा कार्यकर्ता की भीड़ का सबसे अधिक दवाब बंगला बाजार चौराहे पर रहा। कार्यक्रम स्थल पर आने वाली भीड़ यहां तीन मुख्य मार्गों आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से शहर को जोड़ने वाला वीआईपी रोड, रायबरेली-लखनऊ रोड और रेलवे स्टेशन रोड की ओर से भीड़ रैली में पहुंची। बसपा सुप्रीमो मायावती के स्मारक स्थल पर पहुंचने से पूर्व ही आयोजन स्थल भीड़ से खचाखच भर गया। उनके माइक संभालने पर पूरा सभा स्थल बहिन जी तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं के नारों से गूंज गया। इधर स्मारक स्थल पर भीड़ अधिक होने के बाद कार्यक्रम के समापन से पूर्व दस बजे ही भीड़ ने अपने अपने वाहनों की ओर लौटना शुरू कर दिया, कई किलोमीटर दूर खड़े थे। 10.40 बजे पूर्व मुख्यमंत्री मायावती कार्यक्रम स्थल से रवाना हो गईं। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने स्मारक को खाली कराना शुरू कर दिया।

## सूचना

मैं कुलदीप सिंह पुत्र ताराचंद निवासी 8/ए49/38 न्यू कौशलपुर दयालबाग, आगरा- पिनकोड 202005 मैंने एक किता मकान बही नं० 1 जिल्द सं० 2581 के पृष्ठ 343/ 345 के क्रमांक संख्या 3561, दिनांक-22/05/1980 है।

जिसके मूल कागज शहीद नगर जाते समय कही गिर गये हैं। जिस किसी को मिले कृपया मो 9711551863 पर संपर्क करें।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## दिवाली की सफाई का कचरा सड़कों पर न फेंके, लगेगा जुर्माना

आगरा एनएनआई। दिवाली को लेकर घरों में चल रही रंगाई-पुताई और सफाई शुरू हो गई है। घरों से अतिरिक्त कूड़ा निकल रहा है। ऐसे में लोग कचरे को नगर निगम के कूड़ा कलेक्शन वाहन को न देकर सार्वजनिक स्थल पर फेंक रहे हैं। इस पर नगर निगम सख्त हो गया है।

नगर निगम ने सड़क किनारे कूड़ा फेंकने वालों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया-सभी क्षेत्रीय जोनल सेनिटरी ऑफिसर और सफाई इंस्पेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाएं और लोगों को जागरूक करें कि घरों से निकलने वाले कचरे को केवल नगर निगम के कूड़ा कलेक्शन वाहन को ही सौंपें। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थल, सड़क या नाले के किनारे कचरा फेंकता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी जोनों में टीमों को सक्रिय कर दिया है, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर रही हैं। स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिये दिवाली पर सफाई अभियान में सभी लोग भागीदार बनें और कचरा इधर-उधर न फैलाएं।

### नगर आयुक्त की अपील

नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने आम नागरिकों से अपील की है कि शहर हमारी साझा जिम्मेदारी है। कृपया घरों की सफाई से निकलने वाले कचरे को सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें। नगर निगम के कूड़ा कलेक्शन वाहन को ही कचरा दें, ताकि दीपावली पर हमारा आगरा स्वच्छ, सुंदर दिखे।

## शातिर पीआरडी जवान ने फर्जी हस्ताक्षर से निकाला मानदेय

एनएनआई

**लोहामंडी थाने के इंस्पेक्टर के किए फर्जी हस्ताक्षर, फाड़ दिए रजिस्टर**

आगरा। लोहामंडी थाने में तैनात पीआरडी जवान योगेंद्र सिंह ने बिना ड्यूटी किए फर्जी तरीके से मानदेय निकाल लिया। इसके लिए उसने थाना प्रभारी के फर्जी हस्ताक्षर किए और उनकी मुहर लगाई। पुराने उपस्थिति रजिस्टर को फाड़कर फेंक दिया। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के उपनिदेशक वीसी श्रीवास्तव के आदेश पर तीन सदस्यीय टीम की जांच में यह खुलासा हुआ है।

उपनिदेशक ने बताया कि फर्जी तरीके से मानदेय निकालने की शिकायत मिली थी। इसका जवाब लेने के लिए जिला युवा कल्याण अधिकारी और थाना लोहामंडी के प्रभारी निरीक्षक को दो बार नोटिस दिया गया था। दोनों ने तय समय में जवाब नहीं दिया तो इसकी जांच के लिए टीम गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि जांच में पीआरडी जवान योगेंद्र को दोषी पाया गया है। वह जुलाई महीने में ड्यूटी पर नहीं गया था। इसके बावजूद मानदेय लिया था। इसमें कार्यालय के बाबू और अधिकारी की मिलीभगत भी रही होगी।

नियम के मुताबिक, जिला युवा कल्याण कार्यालय से पीआरडी जवानों को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी और संबंधित थानाध्यक्ष की संस्तुति पर जिला युवा कल्याण अधिकारी भुगतान करते हैं। बिना ड्यूटी किए क्षेत्रीय अधिकारी और जिला युवा कल्याण अधिकारी ने कैसे मानदेय निकाल दिया इसकी भी जांच की जा रही है। जनपद में ऐसे कितने लोगों का मानदेय निकाला गया है। इसकी भी जांच होगी। शासन को पत्र लिखकर इसके बारे में अवगत कराया जा रहा है। जनपद में पीआरडी के 454 जवानों की तैनाती है। इनमें से 312 विभागीय और 142 गैर ड्यूटी करते हैं। इनको सरकार की तरफ से 500 रुपये प्रतिदिन मानदेय मिलता है।

## शराब विवाद में हुई थी शमसुद्दीन की हत्या

एनएनआई

- पुलिस ने हत्यारोपी हिमांशु को किया गिरफ्तार

आगरा। ताजगंज श्मशान घाट में चिता सजाने वाले शमशुद्दीन की हत्या उसके ही साथी ने शराब के नौ पउवे के विवाद में की थी। पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए हत्यारोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि हत्या नौ पौवे शराब के विवाद में की गई थी। आरोपी ने सोते वक्त शमशुद्दीन के चेहरे पर फावड़े से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

रविवार की सुबह शमशुद्दीन लहूलुहान हालत में ताजगंज श्मशान घाट में पड़ा मिला था। वह पिछले तीन साल से श्मशान घाट में मुर्दों की चिता सजाने का काम करता था। उसका चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था। एक आंख नोची हुई थी और चेहरे के ऊपरी हिस्से में गहरी चोटें थीं।

डॉक्टरों की जांच में सामने आया कि उसका जबड़ा भी टूट चुका था। परिवार वालों ने उसे एसएन अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया था।जहां से उसे दिल्ली रेफर किया गया, लेकिन इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी। छत्ता निवासी हिमांशु पर हत्या का आरोप लगाया था। उसने बताया कि हिमांशु और शमशुद्दीन दोनों साथ में काम करते थे। कई बार पैसों और शराब को लेकर झगड़े हो चुके थे। शिकायत के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। ताजगंज पुलिस ने जांच के बाद हिमांशु को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि शमशुद्दीन उसे नौ पौवे शराब देने को कह रहा था, लेकिन वह बार-बार टालमटोल कर रहा था। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ था।

हिमांशु ने बताया कि शनिवार की रात जब शमशुद्दीन कंबल ओढ़कर सो रहा था, तभी उसने मौके का फायदा उठाते हुए फावड़े से चेहरे पर कई वार कर दिए। वारदात के बाद वह वहां से भाग निकला था। पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि दोनों के बीच श्मशान घाट में चिता लगाने को लेकर पुरानी रंजिश थी।

ताजगंज थाना प्रभारी ने कहा- यह बेहद संवेदनशील मामला है। आरोपी के साथ-साथ उसकी मदद करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## कूड़े में मिला नवजात का शव, कुत्तों ने नोंचा

आगरा एनएनआई। एक हृदयविदारक घटना ने लोगों को झकझोर दिया। एत्माद्दौला क्षेत्र के ट्रांस यमुना फेस-टू स्थित ब्रज पब्लिक स्कूल के पास कूड़े के ढेर में नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों ने शव को कुत्तों द्वारा नोंचते हुए देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी।

नुनिहाई चौकी प्रभारी सौरभ तिवारी पुलिस टीम के साथ पहुंचे और नवजात (लड़के) के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। पुलिस ने बताया कि शव फेंकने वाले की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि शव आसपास स्थित किसी अस्पताल से फेंका गया है। लोगों का कहना था कि कोई भी माता-पिता अपने बच्चे के शव के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं कर सकते।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 09 अक्टूबर, 2025


# न्याय प्रिय था शिवाजी महाराज का शासन

## देशभक्ति और समाज सेवा का संदेश देता है शिवाजी महाराज का जीवनः शिव प्रकाश

एनएनआई

**आगरा।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा आयोजित जाड़ता राजा महा नाट्य के पांचवें दिन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां तुलजा भवानी की आरती के साथ हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने कहाकि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 1630 में हुआ और उनका राज्याभिषेक 1674 में हुआ। माता जीजाबाई ने शिवाजी महाराज को बचपन से ही कर्तव्य, न्याय और समाज सेवा की शिक्षा दी। कहा जाता है कि माता जीजाबाई के स्वप्न में वे स्वयं दुर्गा के रूप में शासन करतीं और घोड़े पर शत्रुओं का संहार करतीं। यह स्वप्न उनके संकल्प और नेतृत्व की झलक प्रस्तुत करता है। माता जीजाबाई ने शिवाजी महाराज को ऐसे आदर्शों से तैयार किया कि वे आने वाले समय में इस देश के राक्षसी सल्तनत का नाश कर सकें। समर्थ गुरु रामदास के मार्गदर्शन में शिवाजी महाराज ने अपने मित्रों और सैनिकों के साथ हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की। उन्होंने उन समाजों के लोगों को साथ लिया, जिन्हें आज हम पिछड़ा, दलित या जनजाति समाज कहते हैं। उनके दल की विशेषता यह थी कि वे न कभी बिकते और न ही रुकते बल्कि बलिदान के लिए सदैव तैयार रहते थे। शिवाजी महाराज ने युद्ध कला, गुप्तचर व्यवस्था और नौसेना की स्थापना में अद्वि तीय योगदान दिया। अफजल खान जैसे दुष्ट सेनापतियों को परास्त करना, कम संसाधन में बड़ी सेना को हराना और मुगल, पुर्तगाली और ब्रिटिश सेनाओं का सामना करना उनके अद्वितीय रणनीतिक कौशल का परिचायक है। उनका शासन न्यायप्रिय था। उनके अधीन यदि कोई अन्याय करता तो वे स्वयं दंड देने का काम करते।

मां तुलजा भवानी ने शिवाजी महाराज को खडग भेंट किया, जो उनके साहस और युद्ध कौशल का प्रतीक बना। आज हमें शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहाकि शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व संपूर्ण व्यक्तित्व का आदर्श है, जिसमें देशभक्ति, साहस और महिलाओं के प्रति सम्मान का संदेश निहित है। मेरे आगरा मेयर कार्यकाल में वर्ष 2001 के दौरान महा नाट्य का मंचन यहां हुआ था। मेरा सौभाग्य है कि पुनः शिवाजी महाराज की अमर गाथा आगरा में गूंज रही है। पूर्व मंत्री संजीव बालियान ने इस नाट्य मंचन को समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने और सेवा भावना को प्रेरित करने वाला बताया। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री गंगा समग्र रामाशीष, विधायक मनीषा अनुरागी, राम प्रताप सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पोनिया, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष मथुरा किशन चैधरी, अलौकिक उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष झांसी हेमंत परिहार, डॉ. आशीष गौतम, संजय चतुर्वेदी, सीए संजीव महेश्वरी, अभिनव मौर्य, ललित शर्मा, प्रमोद गुप्ता, श्याम भदोरिया, ब्रज प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र, जिलाधिकारी अरविंद मल्लपा बंगारी, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल आदि मौजूद रहे। संचालन जगदीश सिंह चौहान ने किया।

### इन्होंने संभाली व्यवस्था

महानाट्य मंचन की व्यवस्थाएं पंकज पाठक, मनीष थापक, मोनू दुबे, उज्जवल चौहान, राहुल जोशी, आशीष पाराशर, पंकज कटारा, दीप विनायक पटेल, अवधेश पंडित, आशीष यादव पृथ्वी, गोविन्द दुबे, जितेंद्र सिंह रिंकू, धीरेन्द्र, प्रशांत खरे, ध्रुव गुप्ता आदि मौजूद रहे।





## जाणता राज बना युगों को जोड़ने वाला मंच

### छत्रपति शिवाजी महाराज की गाथा ने भक्ति, नीति और पराक्रम का अद्भुत समन्वय रचा

**आगरा (एनएनआई)।** कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा प्रस्तुत जाणता राजा महा नाट्य में मंच पर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन की झांकी ने स्वराज और आत्मगौरव की भावना को साकार किया। बुधवार को मंचन के पांचवें दिन औरंगजेब के साम्राज्यिक वैभव के समक्ष शिवाजी महाराज की नीतिपूर्ण वीरता का प्रदर्शन दर्शकों के लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा। शक्ति और साहस से परिपूर्ण दृश्य में प्रतिशोध से भरा औरंगजेब जब शिवाजी महाराज के शौर्य के आगे नत मस्तक होता है तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कलाकारों के सशक्त संवाद, गंभीर अभिव्यक्ति ने हर दृश्य को इतिहास की सांसों से जोड़ दिया। युद्धभूमि, दरबार और शिवकालीन समाज के दृश्य बारीकी से संयोजित किए गए। प्रकाश, ध्वनि और वस्त्राभूषण का उत्कृष्ट संयोजन दर्शकों को 17वीं शताब्दी की मराठा भूमि में ले गया। दर्शकों से खचाखच भरे परिसर में यह सिद्ध किया कि जाणता राजा केवल एक मंचीय प्रस्तुति नहीं, बल्कि राष्ट्र गौरव की अनुभूति है। इतिहास जब मंच पर जीवंत होता है, तो वह पीढ़ियों को जोड़ता है। जाणता राजा महा नाट्य ने यह संदेश दिया कि शिवाजी महाराज का जीवन केवल युद्धों की कथा नहीं, बल्कि धर्म, नीति और स्वराज की आदर्श परंपरा है।

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को दिलाएंगे वैश्विक पहचान

- 15 राज्यों के डॉक्टर रिसर्चर आंत के स्वास्थ्य पर बनाएंगे वर्ल्ड रिकॉर्ड

एनएनआई

**आगरा।** काउंसिल फॉर इंटरनेशनल वैद्य इंटीग्रेशन एंड कॉरपोरेशन द्वारा संचालित आयुष लीजेंड सीरीज के तहत देशभर के पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में विशेषज्ञों ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। आगरा और गोवा में इंटरनेशनल कांक्लेव के बाद इंटरनेशनल आयुष कॉन्क्लेव 3.0 का आयोजन जयपुर में 16 नवंबर को किया जाएगा। इस पहल के संयोजक डॉ. एमएम कुरैशी ने बताया कि इस मंच के माध्यम से ऐसे चिकित्सकों को सामने लाया जा रहा है जो बिना रासायनिक दवाओं और बिना दुष्प्रभाव के गंभीर रोगों का इलाज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर में होने जा रहे कन्क्लेव में 15 राज्यों के आयुर्वेदिक यूनानी होम्योपैथिक चिकित्सकों के अलावा डाइटिशियन, हेल्थ कोच, स्टूडेंट, रिसर्चर आंत के स्वास्थ्य पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। इसमें पारंपरिक और आधुनिक तकनीक पर आधारित व्याख्यान सत्र, शोध प्रस्तुति, वैज्ञानिक सत्र और सम्मान समारोह होगा। तीन श्रेणियो में आयुष चिकित्सकों को सम्मान पत्र और विश्व रिकॉर्ड सम्मान से नवाजा जाएगा। आयुर्वेदिक यूनानी होम्योपैथिक के अलावा अन्य पैथी भी इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं कि शरीर में 80 परसेंट से ज्यादा बीमारियां आंत की वजह से होती हैं। इस बार के कांक्लेव में गट हेल्थ पर लीजेंड वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के साथ विश्व भर को यह संदेश दिया जाएगा के आंत की बीमारियों की समस्याओं का समाधान सिर्फ आयुष के पास है।

# ऑपरेशन उटंगन मेरे जीवन का सबसे कठिन अभियानः जिलाधिकारी

एनएनआई



- जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने ऑपरेशन उटंगन की दी पत्रकारों को जानकारी
- ऑपरेशन उटंगन में योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया जायेगा सम्मानित

**आगरा।** खेरागढ़ क्षेत्र के कुसियापुर-डूंगरवाला गांव के समीप उटंगन नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबे 13 युवकों से 1 युवक को बचा लिया गया। जबकि 12 युवकों के शवों की बरामदगी के लिए पांच दिन तक ऑपरेशन रेस्क्यू चलाया गया। जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी ने ऑपरेशन उटंगन के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि यह उनके जीवन का सबसे कठिन और भावनात्मक बचाव अभियान था। यह अभियान प्रशासनिक दृढ़ संकल्प, तकनीकी विशेषज्ञता और मानवीय संवेदना का उदाहरण है। जिलाधिकारी ने बताया कि उटंगन नदी की गहराई, तेज बहाव और मिट्टी की परतें ऑपरेशन को बेहद जटिल बना रही थीं। कई असफल प्रयासों के बाद ऑपरेशन उटांगन को एक रणनीतिक युद्ध की तरह चलाया गया। इसमें तकनीकी विशेषज्ञता को भी जोड़ा गया। साथ ही पड़ोसी जनपद भरतपुर, करौली और धौलपुर के जिलाधिकारियों से संपर्क कर, नदी में पानी छोड़ने पर रोक लगवाई गई। साथ ही सिंचाई विभाग, पंचायतराज विभाग, नगर विकास सहित अन्य विभागों के साथ स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जलस्तर को नियंत्रित करने को एक अस्थायी मिट्टी का तटबंध बनाया गया, जिससे जल स्तर में कमी आई। जिलाधिकारी ने बताया कि सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के स्पेशलिस्ट स्कूवा डाइव व गोताखोर की टीमें लगातार कार्य में जुटी रहीं। शुरूआती प्रयासों से कोई नतीजा नहीं निकलने पर मर्चेंट नेवी के विशेषज्ञों से सलाह ली गई, मेटल रॉड्स, प्रेशर पाइप्स और कम्प्रेशर एयर तकनीकी का उपयोग किया गया। यह तकनीक कारगर साबित हुई सात अक्टूबर को नदी से सभी शवों को निकाला गया। शाम 6:10 बजे ऑपरेशन उटंगन मृतक हरेश के शव की बरामदी के साथ पूर्ण हुआ। उन्होंने कहाकि यह अनुभव मेरे प्रशासनिक जीवन की सबसे कठिन परीक्षा रही।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार ऑपरेशन उटंगन की प्रगति का जायजा लेते रहे। मुख्यमंत्री कार्यालय हर सम्भव मदद व सहयोग किया गया। उन्होंने जनपद के जनप्रतिनिधिगण, सांसदगण, सभी एडीएम, एसडीएम, नगर आयुक्त, पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त सहित ऑपरेशन उटंगन में योगदान देने वाले व्यक्तियों का धन्यवाद दिया।

# शहर को जगमगाने में जुटा नगर निगम

- दीवाली से पहले सभी वार्डों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा

एनएनआई

**आगरा।** दिवाली से पहले शहर को रोशन करने के लिए नगर निगम विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने और नई लाइटें लगाने के अभियान में जुट गया। नगर निगम पूरे शहर में 2000 नई लाइटें और 1000 पोल लाइट स्थापित कर रहा है। इस कार्य को तय समय में पूरा करने के लिए 25 टीमें लगाई गई हैं। ये टीमें अलग-अलग जोन में लगातार काम कर रही हैं। मुख्य अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिक) अजय कुमार राम ने बताया कि अभी तक शहर के आधे से अधिक वार्डों में कार्य पूरा किया जा चुका है। सभी टीमों को निर्धारित लक्ष्य दिया गया है। ताकि दिवाली से पहले पूरा शहर जगमगा उठे। इसके अलावा शहर को आकर्षक बनाने के लिए प्रमुख तिराहों, चौराहों और वीआईपी रोडों को भी विशेष रूप से सजाया जा रहा है। फतेहाबाद रोड पर बोलॉर्ड, विक्टोरिया और तिरंगा लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं, मुख्य चौराहों पर स्ट्रीट लाइट और तिरंगा लाइट से रोशनी का विशेष वातावरण तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम सदन की पिछली बैठक में पार्षदों के प्रस्ताव के तहत निर्णय लिया गया था कि दिवाली से पहले सभी वार्डों में विद्युत व्यवस्था को सुधारा जाए। इसी प्रस्ताव के तहत प्रत्येक वार्ड में 20 लाइट और 10 पोल मय लाइट लगाने को हरी झंडी दी गई थी। अब नगर निगम ने इसे प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य शुरू कर दिया है। सभी वार्डों में टीमों को नियमित मॉनिटरिंग के साथ कार्य सौंपा गया है। ताकि किसी भी क्षेत्र में अंधेरा न रहे और नागरिकों को त्योहार पर सुचारू विद्युत व्यवस्था मिल सके।

> नगर निगम का उद्देश्य है कि दिवाली से पहले पूरा शहर रोशनी से नहा उठे। जहां भी लाइट या पोल की आवश्यकता है, वहां त्वरित रूप से कार्य कराया जा रहा है।
> **अंकित खंडेलवाल, नगर आयुक्त**

# स्वदेशी अपनाने के लिए भाजपाई घर-घर देंगे दस्तक

- भाजपा द्वारा ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत का लिया संकल्प
- कार्यकर्ता पहले खुद स्वदेशी को अपनाने की करें पहलः प्रशांत पौनिया

एनएनआई




**आगरा।** प्रधानमंत्री के स्वदेशी अपनाओ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देंगे। भाजपा ब्रज क्षेत्र कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भता कि दिशा मे आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि हर घर स्वदेशी का मंत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार बनेगा। हमे पहले खुद स्वदेशी उत्पादो को अपनाना होगा। तभी आम जनता को प्रेरित कर पाएंगे। उन्होंने नागरिको से अपील की कि वे छोटे दुकानदारों, रेडी-पटरी वालो से स्वदेशी उत्पाद खरीदें। विधायक रानी पक्षालिका ने कहाकि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाएं मुद्रा लोन, स्टॉटप इँण्डिया एमएसएमई के जरिएयुवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला कॉपरेटिव बैंक के चैयरमैन प्रदीप भाटी ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा प्रत्येक समिति को स्वरोजगार के लिए दस लाख रुपये का ऋण बिना ब्याज के देने का प्रावधान किया गया है। ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढावा मिल सके। इस मौके पर मेघराज सोलंकी, ठा. हरिओम सिंह रावत, पंकज कटारा, नरेश शर्मा, यशपाल राणा, चौधरी तपेश जैन, वीरपाल माहुरा, शिवकुमार प्रमुख, उमाशंकर माहौर, सहदेव शर्मा, मातेन्द्र सिंह धाकरे, जिला मीडिया प्रभारी गौरव सोलंकी, ब्लॉक प्रमुख सोनू दिवाकर, मानू चौधरी, राहुल पाराशर, राम चौधरी, उदय सिंह, जय सिंह परमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रेलवे के अफसरों ने यात्रियों से किया अमृत संवाद



- मंडावर महवा रोड स्टेशन पर रेलवे के अफसरों ने यात्रियों से किया अमृत संवाद
- अमृत स्टेशन योजना में आगरा मंडल का मंडावर रोड स्टेशन हुआ पुनर्विकसित

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा रेल मंडल के मंडावर महवा रोड स्टेशन पर यात्रियों से अमृत संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए यात्रियों से फीडबैक लेना था। इस दौरान यात्रियों ने कई सुझाव दिए। अधिकांश यात्रियों ने रेलवे के प्रयासों की सराहना की और स्वच्छता के लिए उठाए गए कदमों के प्रति संतुष्टि जाहिर की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच-प्राण सिद्धांतों और रेल मंत्रालय के विशेष अभियान 5.0 के तहत मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के निर्देशन में उत्तर मध्य रेलवे के मंडावर महवा रोड स्टेशन पर बुधवार को वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक विवेक दिवाकर ने यात्रियों और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। बताया कि मंडावर महवा रोड स्टेशन अमृत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक रूप में विकसित किया गया है। जहां उन्नत प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, नवनिर्मित प्लेटफार्म शेड, आकर्षक सौंदर्यीकरण, ऊर्जा-संवर्धित प्रकाश व्यवस्था और एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल जैसी सुविधाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि संवाद के दौरान रेलवे अधिकारियों और यात्रियों के बीच अनेक विषयों पर चर्चा हुई।यात्रियों ने सुधार के संबंध में अपने विचार भी साझा किए। इसके साथ ही देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में प्रत्येक नागरिक द्वारा अपने कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी से पालन करने के महत्व पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक विवेक दिवाकर के साथ डीआरयूसीसी सदस्य रोशन लाल, तोता राम सरपंच, मंडावर एसएचओ सत्यनारायण, राकेश तिवारी प्रिंसिपल द लिटिल चैंपियन स्कूल मंडावर, मोहन मीना वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक आगरा, बीएस मीना स्टेशन प्रबंधक, रामप्रसाद मीना उप स्टेशन प्रबंधक के अलावा तमाम यात्री, कर्मचारी और आमजन मौजूद रहे।

# लघु उद्योग भारती ने किया सृजन शक्ति का सम्मान




एनएनआई


**आगरा।** लघु उद्योग भारती का विश्वकर्मा जयंती और सृजन शक्ति सम्मान समारोह स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन और भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुए। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता ने संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों और परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह संगठन पिछले एक दशक से यह परंपरा निभा रहा है। इससे समर्पण की भावना बढ़ती है। समारोह में 11 विशिष्ट विभूतियों को सृजन शक्ति सम्मान से अलंकृत किया गया। साथ ही 42 से अधिक सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि, शैलेंद्र कुमार सिंह, कमिश्नर, आगरा मंडल ने कहाकि जब उद्यमी अपने ही सहयोगियों के योगदान को सम्मानित करते हैं तो यह सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि परिश्रम और समर्पण की भावना का होता है।

उन्होंने कहाकि लघु उद्योग क्षेत्र क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन की दिशा में नई क्रांति ला सकता है। अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने कहा कि लघु उद्योग भारती केवल उद्यमिता को सशक्त नहीं कर रही, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की वास्तविक धुरी बन चुकी है। आगरा की धरती सदियों से सृजन और परिश्रम की प्रतीक रही है और यह आयोजन उसी भावना का सजीव उदाहरण है।

उन्होंने संगठन की कार्यशैली और उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

इस अवसर पर राकेश गर्ग को राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री, दीपक अग्रवाल राष्ट्रीय सचिव और मनीष अग्रवाल प्रदेश सचिव को पुनः पद प्राप्त होने के लिए सम्मानित किया गया। स्वागत अध्यक्ष रामसिया विकास गुप्ता और संचालन सीए नितेश गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन दिनेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर संजीव जैन, अंकुर अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, समक्ष जैन, सिविल जैन, पंकज अग्रवाल, नवदीप अग्रवाल, ऋषि नंद, प्रभात गुप्ता आदि उपस्थित रहे।





# जैन पत्रकारों को दी सत्य को उजागर करने की प्रेरणा

**आगरा** एनएनआई। अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक संघ का दो दिवसीय अधिवेशन किया गया। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर परम पूज्य विद्यासागर जी महाराज एवं परम पूज्य गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी के उपकारों को याद करते हुए देश भर से आए पत्रकारों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य गुरुवर निमित्त ज्ञानी श्री विमल सागर जी महाराज की जन्मस्थली कोसमा के नेमिनाथ जिनालय का अवलोकन कर के वात्सल्य धाम के निर्माण को सराहा। पूज्य आचार्य गुरुवर 108 चैत्य सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में दीप प्रज्वलितकर अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। डॉ जयंत कीर्ति , महामंत्री डा. अखिल बंसल, एडवोकेट अनूपचंद जैन, डा.ऋषभ चंद जैन, डा.सुशील कुरावली जयेन्द्र जैन, डा.राजीव प्रचण्डिया सहित 31 वक्ताओं ने अपने संस्मरण सुनाए व उनके उपदेशों को रेखांकित करते हुए अपने वक्तव्य से लाभान्वित किया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने अपने विचारों से संगठन को मजबूत करने और जैन समाज को दिशा देने व पत्रकारिता के क्षेत्र में जैन पत्रकारों की सत्य को उजागर करने की प्रेरणा दी। परम पूज्य आचार्य श्री चैत्य सागर जी महाराज ने अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक संघ के लिए अपना पूर्ण आशीर्वाद प्रदान करते हुए अधिक से अधिक पत्रकारों को आने हेतु प्रेरित किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन, अनुज जैन क्रांति मौजूद रहे।

# दिवाली से पहले एफएसडीए ने 8 खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

## मिठाई, घी एवं खोया आदि खाद्य उत्पादों के सैंपल जांच के लिए भेजे

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी के निर्देशन में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि, प्रशासन उत्तर प्रदेश के आदेश अनुसार,आगामी दीपावली, गोवेर्धन पूजा एवं भाई दूज के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग जनपद आगरा द्वारा आम जनता को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न टीमों द्वारा जनपद के प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही आगामी त्योहारों के दृष्टिगत,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा, घी, खोया, छेना, काजू कतली, बादाम मिल्क आदि खाद्य उत्पादों का जांच हेतु नमूना संकलन किया गया।

इसमें होतम सिंह, नि०- ग्राम-गढ़ी गणेश, आगरा, अरविन्द, नि०-ग्राम फतेहाबाद, आगरा, अग्रवाल डेरी एंड स्वीट्स, बोदला आगरा, बांके बिहारी मिष्ठान भण्डार, आवास विकास सिकंदरा आगरा, कमल ट्रेडर्स , कमला नगर आगरा , आकास सिंह, ग्रा. सुनारी, बिचपुरी आगरा उपरोक्त प्रतिष्ठानों से नमूना संकलन की कार्यवाही की गयी ।



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कुल 08 खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए गए । संबंधित प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# यौन अपराधों की सही चिकित्सीय जांच का दिया प्रशिक्षण

एनएनआई

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा के फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग द्वारा यौन अपराधों की जांच, पॉक्सो अधिनियम एवं जैविक साक्ष्य के वैज्ञानिक परीक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रशांत गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया।



अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण चिकित्सकों को न केवल विधिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाते हैं, बल्कि पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता और वैज्ञानिक सोच को भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य चिकित्सा अधिकारियों को यौन अपराध, बाल शोषण और साक्ष्य संरक्षण की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है। डॉ. उर्वशी वर्मा ने बलात्कार के मामलों में पीड़िता एवं अभियुक्त की चिकित्सीय जांच की वैज्ञानिक प्रक्रिया, नमूनों के सही संरक्षण और रिपोर्टिंग के दौरान आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



# बालूगंज पर हुआ देवी जागरण

**आगरा** एनएनआई। बालूगंज बाजार जागरण कमेटी द्वारा 50वां माता रानी देवी जागरण और विशाल भंडारे के बाद फतेहाबाद रोड नगला सबला घाट पर माता रानी का मूर्ति विसर्जन किया गया। इसमें कमेटी सभी सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर कमल कांत अग्रवाल अध्यक्ष, देवेन्द्र दीक्षित, एडवोकेट संजय अग्रवाल, जितेन्द्र दीक्षित, अर्पित, अंश दीक्षित, वासु गुप्ता, संजीव गुप्ता, विनोद श्रोतिया, मुकेश खंडेलवाल, योगेश शर्मा, एड रूपेश भारद्वाज, अनमोल तिवारी, पंकज गुप्ता, शैलू दीक्षित, जीतू पंडित आदि मौजूद रहे।

# शहीद चेतन राणा को किया नमन

**आगरा** एनएनआई। शौर्य चक्र विजेता शहीद चेतन राणा की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सैनिक विहार, देवरी रोड स्थित शहीद स्मारक स्थल पर यह कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री साई सेवा मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

समिति सचिव संजय सत्यदेव ने बताया कि शहीद के पिता आरबी राना एवं माता दिलू राना ने शहीद की मूर्ति पर पुष्प चक्र कर कार्यक्रम की शुरूआत की। श्री साई सेवा मित्र मंडल के सदस्यों, पैरा बरिगैड के जवानों, पूर्व सैनिकों एवं स्थापित लोगों ने शहीद चेतन राणा की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके अदम्य साहस, वीरता व देशभक्ति को नमन किया। उपस्थित



लोगों ने शहीद के परिवार के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले ऐसे वीर सपूतों के कारण ही आज हम सुरक्षित हैं।

इस अवसर पर शहीद चेतन राणा के योगदान को याद करते हुए समाज में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष हार्दिक गोयल, संजय सत्यदेव ,दिनेश गुप्ता राकेश गौतम, धर्मवीर सिंह, राजेन्द्र घिल्डियाल, सचिन मित्तल,हर्ष राजोरिया, योगेश बघेल, हर्ष शर्मा,के पी सिंह, धनराज, रंधावा, अंशुल, वेद प्रकाश, तनू, सोनल, चंचल मन्नू आदि लोग मौजूद रहे।

# नारी सशक्तिकरण और समाज परिवर्तन का दिया संदेश

**आगरा** एनएनआई। नारी शक्ति भारतीय संस्कृति और समाज परिवर्तन का संकल्प लेकर आज श्यामलाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर यमुना ब्रिज सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति में आत्म गौरव बढ़ाने के साथ-साथ दायित्वोध का जागरण कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम अध्यक्षा राखी अग्रवाल ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण में नारी की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि गुंजन ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नेहा चौधरी ने महिलाओं मे नवीन जागरूकता पैदा की और हमारे



अंदर अपनी मातृ शक्ति को भी उत्साहित किया।

विशिष्ट माता के सम्मान में वैजयंती गोयल संयुक्त परिवार चलाने में अतिथियों द्वारा सम्मान शॉल उड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती और पन्नाधाय के पात्रों का मंचन हमारे विद्यालय की बालिकाओं द्वारा किया गया कार्यक्रम में 180 माता ने प्रतिभाग किया अतिथि परिचय हमारे विद्यालय की आचार्या बहन दीपिका तथा विद्यालय की आचार्या बहनों ने माताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में रूपा द्वारा प्रश्नोत्तरी रखी गई। कार्यक्रम का संचालन वंदना सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य उत्तम सिंह ने महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

# छठवें दिन खत्म हुई लेखपालों की हड़ताल




- महिला लेखपालों के लिए अलग से बनेगा शौचालय, 2 दिन में होंगे वित्तीय भुगतान
- 17 सूत्रीय समस्याओं के लिए रजिस्ट्रार कानूनगो को दी 10 दिन की मोहलत

एनएनआई

**बाह।** 17 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी लेखपालों की हड़ताल बुधवार को छठवें दिन खत्म हो गई। एसडीएम बाह संतोष कुमार शुक्ला, तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार के साथ हुई वार्ता में अधिकारियों ने महिला लेखपालों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था करने, 2 दिन में वित्तीय भुगतान होने का आश्वासन दिया। 17 सूत्रीय मांगों के पूरे करे जाने के लिए रजिस्ट्रार कानूनगो को 10 दिन की मोहलत दी गई है।

वार्ता के बाद लेखपालों ने बुधवार को हड़ताल समाप्त कर दी है। लेखपालों के काम पर लौटने से आय, जाति एवं मूल निवास के लिए भटक रहे छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी। विरासत एवं अंश संसोधन का रुका पड़ा काम शुरू होने से ग्रामीण किसानों की परेशानी दूर होगी। लेखपाल संघ के अध्यक्ष यशवेन्द्र सिंह, मंत्री अमित कुमार, रजनीश कुमार, नरेश चन्द्र, जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, अजीत सिंह, गजेन्द्र राणा, अशोक कुमार, सुरेन्द्र कुमार, प्रियंका धाकरे, श्रद्धा भदौरिया, शिवानी आदि रहे।

# डीएपी के लिए गोदामों पर किसानों की लंबी लाइन, बुवाई पिछड़ने को लेकर परेशान

एनएनआई



**बाह।** सहकारी समितियों के गोदाम पर डीएपी के लिए किसान रोजाना लाइन में लगने को मजबूर हैं। रकबे और जररूत के हिसाब से डीएपी न मिलने की बजह से सरसो और आलू की बुवाई लगातार पिछड़ती जा रही है। जिससे उपज प्रभावित होने के अंदेशे से किसान परेशान हैं। बुधवार को सूरज नगर के गोदाम पर किसानों डीएपी के लिए घंटों जूझते रहे। राजवीरलाल, अवधेश चौधरी, सुजीत शुक्ला, उज्जवल कुमार ने बताया कि डीएपी के बुवाई लेट हो रही है। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर किसानों को डीएपी दिलाए जाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के तहसील अध्यक्ष मोनू शर्मा ने डीएपी के लिए किसानों के शोषण उत्पीड़न पर नाराजगी जताते हुए किसान को जरूरत के मुताबिक डीएपी उपलब्ध कराए जाने की मांग प्रशासन से की है। किसानहित में आंदोलनात्मक कदम उठाने की बात भी कही है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**आगरा एनएनआई।** मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महिला सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर जनपद के विभिन्न राजकीय विद्यालय की छात्राओं को मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक कर जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत राजकीय कन्या इण्टर कालेज, शाहगंज की छात्राओं को शिक्षा विभाग द्वारा टीकाकरण के साथ बालिका स्वास्थ्य सुरक्षा परिचर्चा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया गया, साथ ही जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा राजकीय कन्या इण्टर कालेज शाहगंज एवं एसएन मेडिकल कालेज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर 32 बालिकाओं को बेबी किट बास्केट देकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।

# किशोरी को घर से उठाकर ले जाने वाले आरोपियों पर मुकदमा

**पिनाहट एनएनआई।** डीसीपी पूर्वी से शिकायत के बाद थाना मनसुखपुरा पुलिस ने घर पर सो रही किशोरी को घर से जबरन खेत पर उठाकर ले जाने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज ।

थाना मनसुखपुरा क्षेत्र की एक 18 वर्षीय किशोरी के पिता ने डीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत की थी कि 4 अक्टूबर की रात नवनीत पुत्र जसवंत सिंह निवासी गांव बल्धारी( करकौली) अपने अज्ञात साथी के साथ आया।और उसकी पुत्री को जबरन खेतों की ओर उठा ले गया। सुबह किशोरी बदहवास हालात में खेत में पड़ी मिली।मनसुख पुरा पुलिस ने बीएनएस की धारा 127(2) व 74 के तहत नवनीत पुत्र जसवंत सिंह निवासी गांवबल्धारी( करकौली) अपने अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

# आरएसएस और बजरंग दल ने किया वाल्मीकि यात्रा का स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** रामबाग क्षेत्र के यमुना पार की प्रख्यात भगवान वाल्मीकि जी की शोभायात्रा का स्वयंसेवकों और बजरंगदल के रामबाग चौराहे पर कार्यकताओं ने माल्यार्पण व पुष्प वर्षा के साि किया।

संघ के जिला कार्यवाहा भुजवेंद्र का कहना था कि महर्षि वाल्मीकि जी की प्रेरणा,शिक्षा को हमें अपने अंदर ग्रहण करने की आवश्यकता है। समाज में समरसता का भाव हो, हिंदू हिंदू एक हो, हिंदू धर्म के लोगों को महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों पर चलना चाहिए, समाज में सद्भावना हो। आज संघ के स्वयंसेवक और बजरंगदल के कार्यकताओं को एक पावन शोभायात्रा में अपनी सहभागिता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवक और कार्यकताओं द्वारा सभी झांकियों पर भगवान जी के अनुयायियों पर पुष्पवर्षा की गई। और महर्षि वाल्मीकि जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जिला प्रचार प्रमुख अनुज, जिला संयोजक अनिल, नगर प्रचारक ऋषि कुमार, जिला सह संयोजक नमित, चेतन, सुरक्षा प्रमुख सूरज, राम कुमार, शाखा कार्यवाह सचिन, प्रखण्ड मंत्री जय वर्मा, शेलू जाट, शंशाक कुमार, अशोक, संयोजक दिनेश, ललित, सुरेश, अरविंद, हिमांशु, विमल भट्ट लवलेश व अन्य रहे।



# सीडीओ ने दस महिला टीबी मरीजों को लिया गोद

## क्षय रोग उन्मूलन में निक्षय मित्र बनकर निभाएंगे अहम भूमिका युवा

एनएनआई

**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित 11 विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। सीडीओ ने इस दौरान सभी विभागों के प्रतिनिधियों से टीबी मरीजों को गोद लेने के निर्देश दिए और उन्होंने गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) से टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की। इस दौरान सीडीओ ने दस महिला क्षय रोगियों को गोद लिया और उन्हें पोषण पोटली प्रदान की।

बैठक में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में युवाओं द्वारा सहयोग करने पर भी चर्चा हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि अब युवा भी राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय ने टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत कार्य करने वाले युवाओं व संस्थाओं को ह्यनिक्षय मित्रह्न बनाने का फैसला किया है। निक्षय मित्र के



तौर पर वे, टीबी रोगियों को गोद लेने, उनकी मनो-सामाजिक सहायता करने, उपचार के तहत सही तरीके से दवाएं लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता ने बताया कि युवा निक्षय मित्र इंफोग्राफि क्स, उत्तरजीवी कहानियाँ और मिथक-तोड़ने वाले संदेशों के माध्यम से टीबी मरीजों व लोगों को जागरुक करेंगे। इसके साथ ही, एनएसएस दिवस, अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस और अन्य प्रमुख आयोजनों के दौरान ह्यनिक्षय शपथह्न समारोह आयोजित भी किए जाएंगे। सभी युवा निक्षय मित्र टीबी सेल के साथ समन्वय कर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्य करेंगे।

# करवाचौथ

## नीले नभ पर जिस तरह बिखरती है चांदनी वैसे ही करवा चौथ का त्यौहार सबके जीवन में लाए प्यार की रागनी



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)



करवा चौथ एक ऐसा त्यौहार है जो विवाहित महिलाओं के लिए बेहद खास होता है यह त्यौहार पति की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है इस व्रत को रखने से पति की उम्र लंबी होती है करवा चौथ का व्रत पति पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास को बढ़ाता है महिलाओं के हाथों में मेहंदी रची हुई होती है जो की बहुत शुभ मानी गई है

2025 में करवा चौथ का व्रत शुक्रवार 10 अक्टूबर के दिन मनाया जाएगा शुक्र ग्रह जो वैवाहिक जीवन में प्रेम लाने का ग्रह माना गया है और यह साल शुक्रवार के दिन ही करवा चौथ पर रहा है जो की बहुत शुभ है यह व्रत कार्तिक मास की चतुर्थी को रखा जाता है इस दिन भगवान शिव माता पार्वती श्री गणेश भगवान के साथ भगवान कार्तिकेय के साथ करवा माता और चंद्रमा की पूजा की जाती है

**पूजन का समय शाम 5:30 से 7:00 बजे तक रहेगा**

**पूजनविधि**

करवा चौथ की पूजा के लिए उत्तर दिशा में चौकी स्थापित कर गंगाजल छिड़काव कर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाना चाहिए उसके पश्चात करवा माता शिव पार्वती गणेश जी और कार्तिकेय भगवान की स्थापना करनी चाहिए करवा चौथ के दिन मिट्टी के कड़वे का इस्तेमाल करना अत्यंत शुभ माना जाता है कड़वे पर हल्दी कुमकुम जरूर लगाए और कलवा बाधे।

आज के दिन महिलाओं को सुबह देर तक नहीं सोना चाहिए दूसरी महिलाओं को सुहाग का सामान ना दें अपशब्द ना बोले बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद ले सफेद चीजों का दान नहीं करें एवं नुकीली चीजों का इस्तेमाल न करें गुलाब की इत्र का सेवन अवश्य करें अपने पति को लाल रंग का रुमाल या कपड़ा भेंट करें कल ग्रे नीला सफेद भरा रंगो का इस्तेमाल आज ना करें गौ माता को हल्दी का तिलक लगाए उनको स्पर्श करें एवं भीगे चने की दाल का भोग लगे दुर्गा चालीसा का पाठ करें और दुर्गा मां का श्रृंगार का सामान भेंट करें तुलसी के पौधे में घी का दीपक एवं चुनरी अवश्य लगे गणेश जी के समक्ष पांच हल्दी का गांठ रखकर गणेश जी के बीज मंत्र का 108 पर जाप करें।

गर्भवती महिलाएं यह पूजा कर सकती हैं किंतु करवा माता पार्वती के साथ बदले अन्य किसी स्त्री के साथ करवाना बदले।

चांद को अर्क देते वक्त जल में चावल और एक रुपए अवश्य डालें पूजा के पश्चात अपने घर की दहलीज पर एक घी का दीपक अवश्य जलाए।

माथे की बिंदिया चमकती रहे हाथों में चूड़ियां खनकती रहे पैरों की पायल झनकती रहे पिया संग प्रेम बेला सजती रहे।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ करवा चौथ की बहुत-बहुत बधाई।



## करवा चौथ के दिन इन जगहों पर दीप जलाएं, घर में आएगी सुख-समृद्धि

करवा चौथ का व्रत भारतीय संस्कृति का एक बेहद खास पर्व है, जो सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना के लिए निर्जला रखा जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल यह पवित्र व्रत कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को यानी 10 अक्तूबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन पूरे देश में करवा माता की पूजा-अर्चना विशेष विधि से की जाती है, और महिलाएं अपने घर-परिवार के सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना करती हैं। इस शुभ अवसर पर, व्रत की सफलता और उसका शुभ प्रभाव बढ़ाने के लिए घर के कुछ खास स्थानों पर दीपक जलाना बहुत शुभ माना जाता है। दीपक की रोशनी न सिर्फ वातावरण को पवित्र बनाती है, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करती है। अगर आप भी करवा चौथ का व्रत रख रहे हैं तो जानिए कि किन-किन जगहों पर दीपक जलाना आपके लिए लाभकारी रहेगा, जिससे आपके व्रत का फल और भी बेहतर हो सके। करवा चौथ के दिन अपने घर के मंदिर में घी का दीपक जलाना बेहद शुभ माना जाता है। यह दीपक न केवल पूजा स्थल को रोशन करता है, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह भी बनाए रखता है। इससे घर का वातावरण पवित्र और शांतिपूर्ण रहता है, जो व्रत के अच्छे परिणाम के लिए आवश्यक होता है।

# संपादकीय

## जीवनदायिनी दवा बन रही मौत की वजह

जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में हुए हृदयविदारक अग्निकांड ने देश में निरीक्षण और निगरानी की कमजोर पड़ती जा रही व्यवस्था को फिर उजागर किया है। यह घटना उस समय हुई है, जब कई राज्यों में कफ सिरप के सेवन से दर्जन भर से अधिक बच्चों की मौत की खबरों से देश हिला हुआ है। ये मौतें भी इसीलिए हुईं, क्योंकि दवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का कार्य देश में पर्याप्त चुस्ती नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि जयपुर के जिस अस्पताल में अग्निकांड हुआ, वह सरकारी है; जबकि तमिलनाडु की जिस कंपनी ने कोल्ड्रिफ नाम का कफ सिरप बनाया, वह प्राइवेट सेक्टर की है। मतलब यह कि सेक्टर चाहे जो हो, वहां ऐसे मामलों में भी लगातार लापरवाही बरती जा रही है, जिनका संबंध सीधे इनसान की जान से है।राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक है।जब कोई दवा ही मौत का कारण बन जाए, तो इसे लापरवाही या जान से खिलवाड़ नहीं तो और क्या कहा जाएगा! चिकित्सक को गिरफ्तार और कुछ अन्य अधिकारियों को निलंबित किया गया है। साथ ही इस दवा की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और संबंधित कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सवाल यह है कि ऐसी कार्रवाई के लिए अक्सर किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों किया जाता है? दवाओं की गुणवत्ता जांच नियमित तौर पर क्यों नहीं की जाती और जो दवाएं बच्चों के लिए प्रतिबंधित हैं, वे बाजार में बिना रोक-टोक कैसे बिक रही हैं? इससे स्पष्ट है कि इस फील्ड में जिस तरह की निगरानी, मानक और सुरक्षा उपायों की जरूरत है, उसमें कोताही बरती जा रही है। सवाल है कि पिछली गलतियों से क्या सीखा गया? भारत में बने कफ सिरप पहले भी सवालों में आ चुके हैं।अगंभीर नजरिये का आलम यह है कि कोल्ड्रिफ पीने से मौतों की खबर आने के तुरंत बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस कफ सिरप में डाइथीलीन ग्लाइकोल मौजूद होने का खंडन कर दिया। लेकिन जब राजस्थान और मध्य प्रदेश (जहां सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं) में बेचे गए सिरप के नमूनों की जांच तमिलनाडु में हुई, तो इस हानिकारक तत्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। यह अंतर क्या बताता है? यही कि अधिकारियों की आरंभिक कोशिश किसी गंभीर मामले को भी रफा-दफा करने की होती है। स्पष्टतः ऐसे नजरिए से मिलावट या गुणवत्ता से अन्य समझौते कर मुनाफा बढ़ाने की होड़ में लगे धंधेबाजों का मनोबल बढ़ता है। भारत के फार्मास्युटिकल मार्केट का आकार लगभग 60 अरब डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा छोटी कंपनियों के पास है। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ज्यादातर छोटी और मझोली कंपनियों की दवाएं जांच में तयशुदा मानक से कमतर पाई गईं। इस जांच में 68% एमएसएमई फेल हो गई थीं। इससे पहले, जब केंद्रीय एजेंसी ने 2023 में जांच की, तब भी 65% कंपनियों की दवाएं सब-स्टैंडर्ड मिली थीं।यह कोई पहली बार नहीं है कि देश में किसी दवा की वजह से कई जानें चली गईं। इससे पूर्व भी इस तरह के मामले सामने आते रहे हैं। भारतीय फार्मा कंपनियों पर, जहरीले, दूषित कफ सिरप के कारण मासूमों की जान लेने के, निरंतर आरोप लगते रहे हैं। ऐसी वैश्विक बदनामी झेलने के बावजूद उन्होंने सबक नहीं सीखा।विडंबना यह है कि न तो सरकार एवं प्रशासन और न ही स्वास्थ्य संस्थानों एवं वहां कार्यरत अधिकारियों के स्तर पर ऐसी घटनाओं से कोई सबक लिया जाता है।दवाओं की जांच और निगरानी अभी तक की कमजोर कड़ी साबित हुई है। रिसोर्स और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। ऐसी घटनाएं इतनी अधिक हो चुकी हैं कि अब इन्हें मानवीय भूल या इक्का-दुक्का चूक बता कर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारतीय कफ सिरप से कई दूसरे देशों में मौतों की खबरें भी गुजरे वर्षों में सुर्खियों में रहीं। इसी तरह अस्पतालों में अग्निकांड का सिलसिला भी लंबा होता गया है। इसके मद्देनजर ऐसी घटनाओं को अलग कर-के नहीं देखा जाना चाहिए। इन सब में समान पहलू नियामक संस्थाओं की गैर-जिम्मेदारी है। इसे तुरंत दुरुस्त करने की आवश्यकता है। नियमों पर अमल सुनिश्चित कराने का सख्त अभियान तुरंत छेड़ा जाना चाहिए, वरना देश में किसी की जिंदगी सुरक्षित नहीं रह जाएगी। केंद्रीय और राज्य की नियामक एजेंसियों को ज्यादा बेहतर तालमेल के साथ और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला केवल इकॉनमी या देश की छवि ही नहीं, अनमोल जिंदगियों से जुड़ा है।दवा के नाम पर जहर बनाना और बेचना, दोनों अपराध माने जाते हैं। इस मामले में ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए कि भविष्य में दोबारा ऐसी घटना न हो।

### कंटारा चैप्टर 1 ने रचा इतिहास

# 7 दिन में 316 करोड़ की कमाई, बना कन्नड़ सिनेमा का नया कीर्तिमान




ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक एक्शन फिल्म 'कंटारा चैप्टर 1' ने रिलीज के महज सात दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 316 करोड़ की जबरदस्त कमाई कर डाली है। इस फिल्म ने न केवल दर्शकों का दिल जीता है, बल्कि कन्नड़ सिनेमा के इतिहास में सबसे तेज 300 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली फिल्म बनकर एक नया रिकॉर्ड भी स्थापित किया है।

**रिलीज के साथ ही रिकॉर्डों की झड़ी**

कंटारा चैप्टर 1 को 2 अक्टूबर 2025, दशहरे के शुभ अवसर पर देशभर में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म ने पहले ही दिन 61.85 करोड़ की शानदार ओपनिंग ली, जिससे यह साफ हो गया था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाली है।

**'कंटारा' का रिकॉर्ड टूटा**

इस धमाकेदार कलेक्शन के साथ 'कंटारा चैप्टर 1' ने 2022 में रिलीज हुई ओरिजिनल फिल्म कंटारा के 309.64 करोड़ के नेट कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। ऋषभ शेट्टी ने एक बार फिर साबित किया है कि वे कंटेंट और कमर्शियल सफलता दोनों के मजबूत स्तंभ हैं।

**फिल्म की कहानी और निर्माण**

फिल्म में ऋषभ शेट्टी ने बरमे, एक आदिवासी योद्धा की भूमिका निभाई है, जो प्रकृति, परंपरा और शक्ति के अद्वितीय संगम को दशार्ता है। फिल्म को ऋषभ शेट्टी ने ही लिखा और निर्देशित किया है। होम्बले फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण विजय किरागंदूर और चालुवे गौड़ा ने किया है। फिल्म में जयराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकारों ने भी अहम भूमिकाएँ निभाई हैं।

### बिग बॉस 19: अशनूर-अभिषेक की दोस्ती पर माता-पिता का बयान

# यह सच्ची और पवित्र दोस्ती है



बिग बॉस 19 में अभिनेत्री अशनूर कौर और सह-प्रतियोगी अभिषेक बजाज की दोस्ती को लेकर काफी चर्चा हो रही है। दोनों की नजदीकियां न केवल घर के अंदर, बल्कि दर्शकों के बीच भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हालांकि, दोनों प्रतियोगियों ने स्पष्ट किया है कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। अब अशनूर कौर के माता-पिता ने इस रिश्ते पर चुप्पी तोड़ते हुए इसे सच्ची और पवित्र दोस्ती बताया है।

**अशनूर आसानी से दोस्त नहीं बनाती**

अशनूर के पिता गुरमीत सिंह कौर ने कहा, यह एक सच्चा और पवित्र रिश्ता है। अशनूर सीमित दायरे में ही लोगों से जुड़ती है। अभिषेक, प्रणीत और गौरव खन्ना के साथ उसकी दोस्ती हमें बिल्कुल सहज लगती है। हमें इस रिश्ते से कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि यह उसे भावनात्मक सहारा देता है।

**दोस्ती से गेम पर कोई असर नहीं पड़ा**

अशनूर की मां अवनीत कौर ने बेटी के गेम पर इस रिश्ते के प्रभाव से इनकार करते हुए कहा, दोस्ती और नैतिक समर्थन जरूरी होते हैं, लेकिन दोनों ही अपना-अपना गेम खेल रहे हैं। अशनूर अब समझ गई है कि उसे खुद पर ज्यादा ध्यान देना है और वह ऐसा कर भी रही है।

**बिग बॉस के बाद जीवन का नया अध्याय शुरू होगा**

अवनीत ने आगे कहा कि उनकी बेटी को हर कोई सराहता है, लेकिन जरूरी नहीं कि हर बात पर प्रतिक्रिया दी जाए। कुछ चीजों को अनदेखा करना ही बेहतर होता है। मैं चाहती हूं कि वह अपनी गरिमा बनाए रखे और जब कोई सीमा लांघे, तो पीछे न हटे।

# अब विदेश नहीं जा सकेंगी शिल्पा शेट्टी



**60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को अब बॉम्बे हाई कोर्ट से झटका लगा। कोर्ट ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी को कोलंबो जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि यदि उन्हें विदेश जाना है, तो पहले उन्हें 60 करोड़ रुपए जमा करने होंगे, इसके बाद ही वो विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।**

जाहिर है कि आर्थिक अपराध शाखा ने शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है, इसलिए दोनों ही जांच एजेंसी या अदालत की अनुमति के बिना विदेश यात्रा नहीं कर सकते। शिल्पा शेट्टी के वकील ने कोर्ट में बताया कि अभिनेत्री को एक यूट्यूब कार्यक्रम के लिए कोलंबो जाना है। यह कार्यक्रम 25 से 29 अक्तूबर तक आयोजित है। हालांकि, जब अदालत ने वकील से पूछा कि क्या उनके पास कोई निमंत्रण है, तो शिल्पा के वकील ने कहा कि जब तक यात्रा की अनुमति नहीं मिल जाती, तब तक कोई निमंत्रण जारी नहीं किया जाएगा। अभिनेत्री ने केवल फोन पर बात की थी। इस पर अदालत ने कहा कि दंपति पहले धोखाधड़ी के आरोपों के लिए 60 करोड़ रुपये का भुगतान करें, उसके बाद मामले पर विचार किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई अब 14 अक्तूबर को होगी। इससे पहले कल मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने इस मामले में शिल्पा शेट्टी से पूछताछ की थी। जानकारी के मुताबिक, शिल्पा से लगभग 5 घंटे तक पूछताछ हुई थी। शिल्पा से उनके आवास पर पूछताछ हुई थी। पूछताछ के दौरान शिल्पा शेट्टी ने अपनी विज्ञापन कंपनी के बैंक खाते में कथित लेनदेन की जानकारी दी। साथ ही शिल्पा ने पुलिस को कई दस्तावेज उपलब्ध कराए, जिनकी जांच अधिकारी कर रहे हैं। शिल्पा शेट्टी से ईओडब्ल्यू की टीम ने कंपनी में उनकी भूमिका, निवेश निर्णयों में उनकी भागीदारी और वित्तीय दस्तावेजों पर उनके हस्ताक्षर से जुड़े कई सवाल पूछे। सूत्रों के अनुसार, अभिनेत्री ने खुद को 'एक साइलेंट पार्टनर' बताया और कहा कि कंपनी के सारे ऑपरेशनल फैसले उनके पति राज कुंद्रा लेते थे।

# सारा खान ने कृष पाठक से की रजिस्टर्ड मैरिज



टीवी अभिनेत्री सारा खान ने 6 अक्तूबर को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कृष पाठक से शादी रचा ली है। इस जोड़े ने अपनी शादी की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया है। सारा ने अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं और साथ ही कैप्शन में लिखा कि एक साथ सीलबंद, दो आस्थाएं। एक पटकथा। बेपनाह प्यार। हस्ताक्षर सीलबंद हैं। 'कुबूल है' से 'सात फेरे' तक, इस दिसंबर में प्रतिज्ञाएं इंतजार कर रही हैं – दो दिल, दो संस्कृतियां, हमेशा के लिए एक। हमारी प्रेम कहानी एक ऐसे मिलन का निर्माण कर रही है, जहां आस्थाएं आपस में मिलती हैं, बिखरती नहीं। क्योंकि जब प्रेम ही विषय होता है, तो बाकी सब एक खूबसूरत उपकथा बन जाता है। तो हमें अपना आशीर्वाद दें क्योंकि यह मिलन सभी के लिए है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा ने शादी को लेकर कहा कि जब हम साथ रहने लगे, मुझे कृष की पत्नी जैसा लगा, लेकिन शादी का रजिस्ट्रेशन कराना बहुत खास था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए और पेट में तितलियां उड़ने लगीं। कृष वही हैं जो मैंने हमेशा चाहा था। मुझे लगता है, अगर आप धैर्य रखें, तो सही इंसान जरूर मिलता है। हमारा रिश्ता बहुत गहरा है। कृष ने कहा कि हमारी कोर्ट मैरिज निजी थी, लेकिन दिसंबर में हमारी शादी धूमधाम से होगी, जिसमें नाच-गाना और जश्न होगा। सारा खान 'प्रीत से बंधी ये डोरी राम मिलाई जोड़ी' और 'ससुराल सिमर का' जैसे टीवी शो में काम कर चुकी हैं। उन्होंने 2010 में 'बिग बॉस 4' में अली मर्चेंट से शादी की थी, लेकिन दो महीने बाद उनका तलाक हो गया। कृष एक अभिनेता हैं और 'पो-बंदी युद्ध' में काम कर चुके हैं। वह रामायण के अभिनेता सुनील लहरी के बेटे हैं।

# जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगा भारत दक्षिण अफ्रीका से सामना

**शीर्ष क्रम से अच्छे प्रदर्शन की आस**



**विशाखापत्तनम।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत ने भले ही पिछले दोनों मैच जीते हों लेकिन स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स के बल्लों से रन नहीं निकलना चिंता का विषय है। तीनों श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहीं थी जिसके बाद हरलीन देओल, अमनजोत कौर , ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा ने टीम को संकट से निकाला।

श्रीलंका के खिलाफ भारत ने छह विकेट 124 रन पर और पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट 159 रन पर गंवा दिए थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान नहीं होता तो भारत की स्थिति खराब हो सकती थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि इस तरह की गलती नहीं की जा सकती और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। अगर नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहता तो अंकतालिका में स्थिति खराब होने के अलावा पिछले चैम्पियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में भी टीम पर दबाव रहेगा।

भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि सकारात्मक पहलू देखना चाहेगा कि स्टार बल्लेबाजों के नहीं चलने पर भी जीत टीम की गहराई को दिखाती है। लेकिन उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा का बल्ला दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गजों के खिलाफ खामोश रहा तो यह निर्णायक साबित हो सकता है। दूसरी ओर गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें यह भी देखना होगा कि एसीए . वीडीसीए स्टेडियम की पिच गुवाहाटी या कोलंबो की तरह नहीं है। दीप्ति शर्मा अभी तक छह विकेट ले चुकी है जिन्हें साथी स्पिनरों स्नेह राणा और श्री चरणी से अच्छा सहयोग मिला। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ भी प्रभावी रही हैं। बीमारी के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रही तेज गेंदबाज हरफनमौला अमनजोत कौर की फिटनेस पर भी नजरें होंगी। फिट होने पर वह टीम में रेणुका सिंह ठाकुर की जगह लेंगी।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरूंधति रेड्डी, क्रांति गौड़।

**दक्षिण अफ्रीका:** लाउरा वोलवार्ट (कप्तान), अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लर्क, मारिजन कप, तजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको एमलाबा, एनेरी डर्कसन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लूस, काराबो मेसो, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे।

**दक्षिण अफ्रीका के इन खिलाड़ियों से रहना होगा सावधान**

दक्षिण अफ्रीका ने पिछले मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर वापसी की। पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर सिमटने के बाद टीम दस विकेट से हार गई थी। शतक जमाने वाली तजमीन ब्रिट्स और भरोसेमंद सुने लूस के अलावा कप्तान लाउरा वोल्वार्ट, मारिजन कप और एलेके बॉश से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में नोंकु एमलाबा, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास और क्लो ट्रायॉन पर नजरें रहेंगी।

## ऑस्ट्रेलिया ने 107 रन से जीता मैच, पाकिस्तान की हार की हैट्रिक; आखिरी स्थान पर पहुंची टीम





**कोलंबो।** कोलंबो में बुधवार को खेले गए महिला विश्व कप के नौवें मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की शतकीय और एलाना किंग की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 36.3 ओवर में सिर्फ 114 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पाकिस्तान को 107 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए महिला विश्व कप के नौवें मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की शतकीय और एलाना किंग की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 36.3 ओवर में सिर्फ 114 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। फातिमा सना के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की महिला टीम की यह इस महिला विश्व कप में लगातार तीसरी शिकस्त है। इससे पहले उसे भारत (88 रन) और बांग्लादेश (सात विकेट) की टीमों ने शिकस्त दी थी। मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार तीसरी हार के साथ पाकिस्तान की टीम अंक तालिका में आखिरी (आठवें) स्थान पर पहुंच गई। वहीं, तीन में से दो मुकाबले जीतकर और एक मैच रद्द होने की वजह से पांच अंक लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष स्थान पर है। भारतीय टीम दो मैचों में चार अंक लेकर तीसरे पायदान पर है।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो बने पहले अरबपति फुटबॉलर

## मेसी को पीछे छोड़ा



**लंदन।** फुटबॉल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर में एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बार यह रिकॉर्ड गोल्स या ट्रॉफी के लिए नहीं, बल्कि उनकी बैंक बैलेंस के लिए है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक, रोनाल्डो की कुल संपत्ति 1.4 बिलियन यूएस डॉलर (लगभग 11,50,00,00,000 रुपये) आंकी गई है, जिससे वह फुटबॉल के पहले अरबपति खिलाड़ी बन गए हैं। ब्लूमबर्ग ने कहा कि यह पहली बार है जब रोनाल्डो की संपत्ति इस इंडेक्स में शामिल की गई है। इस मूल्यांकन ने उन्हें विश्व फुटबॉल का सबसे अधिक कमाई करने वाला खिलाड़ी बना दिया। इस मामले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी को काफी पीछे छोड़ दिया। रोनाल्डो की कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा उनके वेतन से आया है। यूरोप में उनका वेतन मेसी के बराबर था, लेकिन 2023 में जब उन्होंने सऊदी अरब के अल नास्त्र क्लब से साइन किया, तो उनकी कमाई में बड़ा अंतर आया। इस सौदे के तहत उन्हें कर-मुक्त 200 यूएस डॉलर मिलियन वार्षिक वेतन और बोनस के रूप में मिले, साथ ही 30 मिलियन यूएस डॉलर का साइनिंग बोनस भी शामिल था। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, 2002 से 2023 तक रोनाल्डो ने कुल 550 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक वेतन कमाया।

**ब्रांड एंडोर्समेंट्स और व्यावसायिक निवेश**

रोनाल्डो की कमाई का दूसरा स्तंभ एंडोर्समेंट्स हैं। नाइकी के साथ उनका दस साल का समझौता उन्हें सालाना लगभग 18 मिलियन यूएस डॉलर आमदनी देता है। इसके अलावा अरमानी और कैस्ट्रोल जैसे ब्रांड्स के साथ साझेदारियों से उनकी कुल संपत्ति में लगभग 175 मिलियन यूएस डॉलर का इजाफा हुआ है। उन्होंने अपने सीआर-7 (CR7) ब्रांड के तहत होटल, जिम, और फैशन में भी अपनी पहचान बनाई है। इसके अलावा रोनाल्डो के पास कई लग्जरी प्रॉपर्टीज हैं, जिनमें लिस्बन के पास स्थित क्विंटा दा मरिन्हा हाई-एंड गोल्फ रिसॉर्ट की संपत्ति शामिल है, जिसकी कीमत लगभग 20 मिलियन यूरो बताई गई है।

**कमाई में मेसी से तुलना**

रोनाल्डो के लंबे समय के प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी ने अपने करियर में कुल लगभग 600 मिलियन यूएस डॉलर प्री-टैक्स वेतन कमाया है। 2023 में जब मेसी ने इंटर मियामी जॉइन किया, तो उन्हें 20 मिलियन यूएस डॉलर वार्षिक वेतन की गारंटी दी गई। हालांकि, रोनाल्डो की कुल कमाई में उनके ब्रांड एंडोर्समेंट्स और व्यवसायिक निवेशों का बड़ा योगदान है, जो उन्हें मेसी से आगे ले गया।

**सोशल मीडिया और ग्लोबल प्रभाव**

संपत्ति के अलावा, रोनाल्डो की सोशल मीडिया पहुंच भी उनकी वैश्विक लोकप्रियता को दिखाती है। उनके इंस्टाग्राम पर 660 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं, जिससे वह सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति बन गए हैं। यह दर्शाता है कि उनका प्रभाव केवल फुटबॉल तक सीमित नहीं है, बल्कि ब्रांड एंडोर्समेंट और पॉपुलैरिटी में भी उनकी पकड़ मजबूत है।

## गुरुवार, 09 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा आपको आज विरोधी और शत्रुओं से सतर्क रहने की जरूरत है। आपके लिए सलाह है कि आज आप कर्ज लेनदेन से बचें। लोन के प्रयास में आज परेशानी आएगी। कोई काम अटक जाने से आपको आज परेशानी हो सकती है।

वृषभ राशि के लिए आज दिन का दूसरा भाग लाभदायक रहेगा। आपको आज आर्थिक लाभ का भी भाग्य अवसर प्रदान करेगा। आज के दिन किया गया निवेश भी आपको भरपूर लाभ दिलाएगा। कोई चाहत पूरी होगी। लव लाइफ मे भी प्रेम और तालमेल बना रहेगा।

मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा। आज के दिन आपको फिजूलखर्ची से बचना होगा, नहीं तो आपकी आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा जिससे मन भी प्रसन्न रहेगा।

कर्क राशि के लोगो के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा है। आज आप अपनी सुख सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। आपको आज परिवार के सहयोग से लाभ मिलेगा। आपके शत्रु आज आपको परेशान कर सकते हैं, इसलिए आपको विरोधियो से सतर्क रहना होगा।

सिंह राशि के जातको के लिए आज का दिन मानसिक तनाव और उलझन बढाने वाला रहेगा। आपको कोई भी बड़ा फैसला बहुत ही सोच समझकर लेना होगा नहीं तो नुकसान हो सकता है। आपको आज ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा।

कन्या राशि के लोगों को आज अपने काम में सफलता मिलेगी। लेकिन आपके सितारे कहते हैं कि, आज आलस्य त्याग कर आपको अपने व्यापार और घर के अधूरे कार्यों को पूरा करना होगा। माता पिता से आपको आज भरपूर सहयोग और सुख मिलेगा। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता परेशानी होगी।

तुला राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज का दिन आपके अधिकार और धन में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपकी कमाई मे इजाफा होगा। आज आप दूसरों के हित के बारे में सोचेंगे और दूसरों की मदद के लिए आगे भी आएंगे।

वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, अपने व्यवसाय को विस्तार देने के आपके प्रयास फलदायी होंगे। यदि आपका कोई कानूनी विवाद चल रहा है तो आज उसमें आपको सफलता मिलने के आसार हैं।

धनु राशि के जातको के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज परिवार का सहयोग और सपोर्ट मिलेगा। धार्मिक और राजनीतिक कार्यों में आपकी आज रुचि बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों पर धन खर्च होगा। आपकी आर्थिक स्थिति में भी आज सुधार होगा।

मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आपको आज आपको आज कोई कीमती वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। लेकिन आपके खर्च भी आज बढ़ेंगे। आज आपको ननिहाल पक्ष से सहयोग और लाभ मिल सकता है।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज का दिन कामकाज में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आप आज आर्थिक प्रयास मे सफलता प्राप्त कर पाएंगे। आपको आज कोई लाभदायक डील मिलेगी। तकनीकी बुद्धि और क्षमता का आपको आज लाभ मिलेगा।

आज का दिन मीन राशि के जातकों के लिए अच्छा रहेगा। यदि परिवार में पुत्र या पुत्री के विवाह को लेकर कोई विवाद चल रहा है तो वह आज सुलझ जाएगा। आपके व्यक्तित्व और व्यवहार से आज संपर्क का दायरा बढ़ेगा। आपका कोई जरूरी काम आज पूरा हो सकता है।



**डॉ. शिल्पा जैन**
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# हाथ के हुनर से हस्तशिल्पी दे रहे स्वावलंबन की सीख

- जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल राजपुर में शुरू हुई तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी
- स्टेट व नेशनल अवार्ड शिल्पगुरुओं ने अनुभव किए साझा, 20 हस्तशिल्पी कर रहे अपने हुनर का प्रदर्शन




एनएनआई

**आगरा।** हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन देने के लिए राजपुर स्थित जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार को आयोजकों द्वारा किया गया। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तहत हैंडीक्राफ्ट डिपार्टमेंट और आगरा जरी जरदोजी निमार्ता कंपनी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में दिल्ली की नेशनल अवार्ड विनर शिल्प गुरु श्वेता कायस्था, मैनपुरी की स्टेट अवार्ड विनर शिल्प गुरु मेघा कश्यप और विकास वर्मा के साथ आगरा, मथुरा, हाथरस सहित आसपास के जिलों के हस्तशिल्पी अपने हुनर का लाइव प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें कागज पर ड्राइंग करके देवी-देवताओं, फूल-पत्तियों और पशु-पक्षियों को उभारने वाली सांझी कला, शीशम की लकड़ी पर पीतल के तारों से खुदाई करके सुंदर आकृतियों को उभारने वाली तारकशी, हाथ थप्पा छपाई, टाई एंड डाई, मधुबनी पेंटिंग, गोंड आर्ट, स्टोन कार्विंग, घास की पत्तियों और फसल अवशेष को प्रयुक्त कर दैनिक उपयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं को बनाने की कला, संगमरमर पर पच्चीकारी और जरी जरदोजी की कला प्रमुख रूप से शामिल है। प्रदर्शनी संयोजक बृजमोहन शर्मा एडवोकेट ने बताया कि भारतीय कला-संस्कृति को संजोकर, हाथ के हुनर से उसे आधुनिकता बोध में पिरो कर हमारे हस्तशिल्पी स्वावलंबन की सीख दे रहे हैं।

इनके हाथ मशीनों से भी बेहतर चलते हैं। यह अपनी परंपराओं को जिंदा रखे हैं। इनका कार्य और इनकी कला सबके सामने आनी चाहिए और इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। बस इसी मनोभाव के साथ यह आयोजन किया गया है। हैंडीक्राफ्ट के सहायक निदेशक रंजीत कुमार ने स्कूली छात्र-छात्राओं को हस्तशिल्प के बारे में बताया।

एचपीओ श्रीरामजी त्रिपाठी ने हैंडीक्राफ्ट कारीगरों के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

इस मौके पर सुमित शर्मा, देवेंद्र चुल्लू, जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन विनोद बंसल, डायरेक्टर मोहित बंसल, प्रिंसिपल ममता दुबे और सीनियर कोऑर्डिनेटर अंकिता लवानिया आदि मौजूद रहीं। संचालन रीमा बैनर्जी ने किया।

# धन धन हमारे भाग, घर आया पीर मेरा

- गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर उमड़ा भक्ति और श्रद्धा का सैलाब
- गुरुद्वारा दशमेश दरबार में सजा कीर्तन दरबार

एनएनआई

**आगरा।** चौथी पातशाही श्री गुरु रामदास साहिब का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा दशमेश दरबार, शहीद नगर में मनाया गया। सुबह से ही संगतें गुरघर में पहुंचीं और धन-धन गुरु रामदास के जैकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। गुरुद्वारा परिसर को फूलों, रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया। संगत ने मत्था टेका और गुरु की बाणी का अमृत रस पान किया। रागी जत्थों भाई हरजीत सिंह और हरप्रीत सिंह बाबा वीर ने मेरा प्यारा प्रीतम सतगुरु रखवाला हम बारक दीन करो प्रतिपाला, जिन सिरिया तिनै सवारिया धन धन रामदास गुर और धन धन हमारे भाग घर आया पीर मेरा जैसे शब्द गाकर संगत को भक्ति रस में सरोबार कर दिया। सतनाम वाहेगुरु की गूंज से वातावरण पवित्र और आनंदमय हो उठा। ज्ञानी मंशा सिंह द्वारा सरबत के भले की अरदास के उपरांत सभी धर्मप्रेमियों ने लंगर छककर गुरु चरणों में कृतज्ञता व्यक्त की। संगत ने गुरु रामदास के उपदेशों को जीवन में अपनाने, सेवा, सिमरन और नम्रता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान हरपाल सिंह, राजू सलूजा, श्याम भोजवानी, मलकीत सिंह, गुरिंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, लवली वीर, लाडी वीर, हरजिंदर सिंह, हरजीत सिंह आदि शामिल रहे।






# श्रीराम पार्क जयपुर हाउस में 12 को लगेगा दीपावली मेला

- स्वर्णिम भारत की थीम पर मेले में स्वदेशी उत्पादों आत्मनिर्भर नारीशक्ति को किया जाएगा प्रोत्साहित
- करवा चौथ की पूर्व संध्या 9 अक्टूबर को बुजीर्वाला मंदिर में होगी मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता
- सांस्कृतिक कार्यक्रम संग विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन, शंख बजाने की को किया जाएगा प्रेरित




एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती महानगर श्रीराम पार्क जयपुर हाउस में रविवार को दीपावली आनन्द मेला आयोजित कर रही है। इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए खास व्यवस्थाएं की गई हैं। इससे पहले करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बुर्जी वाला मंदिर प्रतापनगर में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता होगी। यह जानकारी बुधवार को प्रताप नगर स्थित संस्कार भारती केन्द्र में आमंत्रण पत्र विमोचन करते हुए आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने दी।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री और वरिष्ठ प्रचारक विजय कुमार ने बताया कि यह संस्कार भारती द्वारा आयोजित चौबीसवां दीपावली आनन्द मेला है। मेले में स्वर्णिम भारत की थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कोरियोग्राफर पुरुषोत्तम मयूरा हैं। इसके अलावा चित्र में रंग भरो प्रतियोगिता, महाभारत पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, कलश सज्जा प्रतियोगिता, थाल सज्जा प्रतियोगिता और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान घर-घर में शंख बजाने को प्रोत्साहित किया जाएगा। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

इस मौके पर जयराम दास होतचंदानी, रमेश चन्द अग्रवाल, गौरव बंसल, गौरव जिंदल, रामघनश्याम दास अग्रवाल, डॉ. ऋषि महाजन, राकेश अग्रवाल, सुरेश चन्द्र अग्रवाल, महेन्द्र खंडेलवाल, तपेश जैन, ब्रिजेश सूतेल, नवीन उपाध्याय, चैधरी राजन सिंह, रवि नारंग, सीए संजय अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, डॉ. विनोद माहेश्वरी, प्रांत प्रचारक प्रमुख प्रीतम, नन्द नन्दन गर्ग, राजीव द्विवेदी, समिति के अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल, ओम स्वरूप गर्ग, राजीव सिंघल, नीरज अग्रवाल, श्याम तिवारी, आशीष जैन, नीता गर्ग, शुभांशु गर्ग, राकेश पाठक, प्रदीप सिंघल, प्रभु दत्त उपाध्याय, इंजीनियर सुरेश चन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।